## सार समाचार

### म्याना में हुआ पौधा रोपण



**म्याना, देशबन्धु।** पंचायत भवन प्रांगण में गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से 30 अगस्त तक चलेगा। इस वर्ष माटी मिट्टी को केंद्रित किया गया है। माटी को नमन वीरों को वंदन के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत भवन पर अमृत वाटिका के रूम में स्वदेशी प्रजातियों के पौधों को रोपा गया। अमृत वाटिका में पौधा रोपण कर पौधों को संरक्षण करने का संकल्प लिया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । कार्यक्रम में पंच प्रण शपथ ग्रहण की गई। इस अवसर पर जय नारायण सोनी सरपंच म्याना, दामोदर प्रसाद शर्मा जिला सदस्य प्रतिनिधि, लोकेंद्र सिंह राजपूत, रवि शिवहरे, कपिल भार्गव पटवारी म्याना, हरिओम सेन सचिव, राहुल शर्मा, शिवा सोनी मौजूद रहे।

### सड़क किनारे बैठी गायों को ट्रक ने रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत आटीओ ऑफिस बायपास पर सडक़ किनारे बैठी गायों को एक ट्रक चालक रौंदते हुए निकल गया। हालांकि इसे ग्रामीणों ने बायपास के निकट पकड़ लिया। पुलिस ने गाय मालिक की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राकेश पुत्र रामवीर यादव निवासी कलारी के पीछे नानाखेड़ी ने बताया कि बुधवार रात 10.30 बजे आरटीओ आफिस के सामने एबी रोड पर ग्वालियर से इंदौर की ओर जा रहे एक ट्रक क्रमांक एमपी09-3840 के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रोड किनारे बैठी दो गाय में टक्कर मार दी। जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीण एकत्रित हुए। जिन्होंने फोन लगाकर ट्रक को कुशमौदा टोल नाके के पास रूकवाया।

### सोशल मीडिया पर डाली भड़काऊ पोस्ट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के कुंभराज थानांतर्गत सोशल मीडिया में धार्मिक भडक़ाऊ पोस्ट डालकर माहौल खराब करने का मामला सामने है। पुलिस ने आरोपी युवक पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अकरम खान निवासी वार्ड क्र. 4 इंद्रा कालोनी कुंभराज ने अपने साथी मोहम्मद जावेद, इकरार खाँ, आमिन खाँ, इमरान खाँ के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि कुंभराज निवासी गणेश पुत्र बृज रजक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से एक भडकाऊ वीडियो पोस्ट किया है। जिसके बाद समाज में नाराजगी है। फरियादी ने पुलिस को पोस्ट की स्क्रीनशॉर्ट एवं पेन ड्राईव मे वीडियो भी दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### टीशर्ट और पेंट में नोट भरते दिखे बदमाश

# हथियारों की नोक पर बीनागंज में कीटनाशक दुकान में लूटपाट

**गुना, देशबन्धु।** बीनागंज क्षेत्र में एक बार फिर बदमाशों ने खुलेआम हथियारों की दम पर कीटनाशक दवा की दुकान पर लूटपाट कर न सिर्फ पुलिस को चुनौती दी है बल्कि बीनागंज सहित जिलेभर की कानून व्यवस्था की भी पोल खोल दी। करीब दो मिनट के इस वीडियो में चार नकाबपोश बदमाश हथियारों की दम पर दुकान में घुसे और दुकानदार से जमकर मारपीट, तोडफ़ोड़ और नगदी पैसों की लूट की। वीडियो में बदमाश काउंटर की पेटी में रखे नगदी लूटकर जाते दिखे। इस दौरान बदमाश नगदी पैसे जेबों के अलावा टीशर्ट और पेंट के अंदर भी ठूंसते दिखे। यहां उन्होंने डंडों और तलवारों से जमकर दुकान में तोडफ़ोड़ की। घटना बुधवार सवा सात बजे के आसपास की है। पूरी वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई है।



इस संबंध में फरियादी अमित खण्डेलवाल पुत्र घनश्याम दास (43) निवासी बीनागंज ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि बुधवार करीबन शाम 7:19 बजे की बात है। वह अपनी कीटनाशक दुकान पर बैठे थे। तभी वहां अज्ञात 4 लोग मुंह बांधकर आए और डण्डे से कीटनाशक दवाओं में मारी और दुकानदार पर हमला बोल दिया। बदमाशों में से एक व्यक्ति काउंटर पर चढ़ जबकि दो लोगों ने उसे पकड़ लिया। हथियारों की दम पर बदमाशों ने काउंटर का रेक खोल कर लगभग 70-80 हजार रुपए पेन्ट और शर्ट में रखकर लूटकर भाग गए। श्री खंडेलवाल के अनुसार सभी अज्ञात बदमाश 25 से 30 वर्ष की उम्र के थे। दो बदमाश लाल टीशर्ट व काला पेन्ट पहने थे। एक बदमाश सफेद रंग की लाईनिंग वाली टी शर्ट पहने था। सभी बदमाश मुंह बांधे थे। बदमाश रुपए लूट कर पेट्रोल पम्प जयसिंहपुरा तरफ भाग गए। उक्त मामले में पुलिस ने धारा 394 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**आरोन से भी उड़ाया पैसों से भरा बैग :** इधर जिले के आरोन कस्बे में दुकान के अंदर अज्ञात बदमाश ने घुसकर पैसों से भरा बैग पार कर दिया। फरियादी गौरव शर्मा निवासी बनवीरखेड़ी ने शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस दोपहर करीब 11.45 बजे एसबीआई आरोन में से वह और उसके पापा पैसे निकालने के लिये गये थे।

दोनों ने खाते से पैसे निकाल कर थैले मे रख लिये थे और फिर थैला लेकर ताऊ के लडके कपिल शर्मा की दुकान पर पहुंचे। यहां उन्होंने पैसों का थैला दुकान के अन्दर बेंच पर रख दिया था। थोड़ी देर बाद अपना पैसों का थैला देखा तो नहीं मिला, थैले पर शर्मा एग्रो लिखा है। कोई अज्ञात चोर दुकान के अन्दर से पैसों का थैला चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### बमोरी और गुना ग्रामीण की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

# चुनाव आते ही गांवों की समस्याएं आने लगी याद, आ रहे नए संगठन



**गुना, देशबन्धु।** चुनाव नजदीक आते ही नित नए संगठन आएं दिन सामने आ रहे हैं। जिन्हें गांव से लेकर शहर की विभिन्न समस्याओं की याद आने लगी हैं। इन समस्याओं को दूर करने लगभग हर दिन कोई न कोई संगठन जिला मुख्यालय पर दस्तक दे रहा है। यहां ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंच ज्ञापन सौंपा दिया जाता है। अब बमोरी एवं गुना ग्रामीण के विभिन्न ग्रामों की 2 दर्जन से अधिक समस्याओं को लेकर गुरुवार को निष्पक्ष युवा एकता सच का साथ बमोरी नामक संगठन कलेक्ट्रेट पहुंचा।

यहां उन्होंने कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल, गौशाला, स्वच्छ पानी, सडक़ें, स्कूल, डीपी आदि की मांगों को रखा। संगठन के संजीव कुमार आर्य ने बताया कि बमोरी विधानसभा की म्याना ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री की कई घोषणाओं के बावजूद अभी तक नगर पंचायत नहीं बनाया गया है। वहीं म्याना अस्पताल रात्रि में नर्सों के भरोसे रहता है। इसके अलावा चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय और शौचालय तक नहीं है। ज्ञापन में बमोरी विधानसभा की सभी गौशालाओं की जांच कराकर रोड पर घूम रहे मवेशियों को गौशाला में करने, क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, सनवाड़ा में ग्रामीणों की आम रास्ते की समस्या दूर करने, फतेहगढ़ मंडी में जलभराव की समस्या, गांवों में अत्याधिक बिजली बिल आने की शिकायत की गई। इसके अलावा ग्रामीणों को समग्र आईडी बनवाने में आने वाली समस्या को दूर करने, जन्म प्रमाण पत्र समय पर न मिलने, मूडहरा हनुमान में दबंगों द्वारा सरकारी कुएं पर कब्जा करने, पनहेटी, छतरपुरा, बमोरी आदि में लंबित तालाबों के शीघ्र निर्माण, गांव वालों को पीएम आवास दिलाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। जिनको लेकर संगठन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र पूरी करने की मांग की। अन्यथा संगठन आंदोलन करेगा।

## इलाज कराने निकाली महिला गायब, बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल



**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत पानी की टंकी प्लांट हरिपुर पर मजदूरी करने वाली एक महिला अचानक गायब हो गई। अब महिला का पति अपने 2 मासूम बच्चों को लेकर इधर-उधर भटक रहा है। इस संबंध में पीड़ित पति ने अपनी पत्नी को खोजने के लिए कैंट पुलिस के अलावा कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रूप सिंह पिता गुरदीन सिंह गौतम (35) निवासी ग्राम बछौन थाना चंदला जिला छतरपुर अपनी पत्नी प्रियंका गौतम (24) के साथ गुना के हरिपुर स्थित पानी की टंकी पर मजदूरी करते थे। यह पानी की टंकी का ठेका ठेकेदार सुल्तान सिंह बेस के पास है। जिसके अंडर में दोनों काम करते थे। इस दौरान उन्होंने प्लांट पर ही टपरिया बनाकर रहने लगे थे।

गत 5 अगस्त को सुबह 10 बजे उसकी पत्नी प्रियंका इलाज कराने का बोलकर गुना आई थी। तभी वे वह घर वापस नहीं लौटी। पिछले छह दिन से प्रियंका के मासूम बच्चों का मां की याद में रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पीड़ित पति भी अपनी पत्नी को ढूंढने इधर-उधर भटक रहा है। इस संबंध में उसने कैंट पुलिस से लेकर कलेक्ट्रेट में अपनी पत्नी ढूंढवाने की गुहार लगाई है।

## निस्वार्थ परोपकार ही जीवन में देता है सुख: मुनिश्री

**गुना, देशबन्धु।** जीवन को सुखमय बनाना है तो अपने लिए कम दूसरों के लिए जीना सीखो। दूसरे की भलाई में मन लगओ। उक्त धर्मोपदेश मुनिश्री आगम सागरजी महाराज ने चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में दिए। मुनिश्री ने कहा कि जिन्होंने पूर्व जन्मों मे दूसरों के भले की भावना भायी होगी, अपने लिए सब जीते हैं। किन्तु बिरले ही मनुष्य होते हैं, जो दूसरों के दुःख, सुख में सम्मलित होते हैं। मुनिश्री ने कहा कि किसी की तरक्की या वैभव रखकर इर्ष्या मत करो। किसी के आपसी अच्छे सम्बन्धों में फूट मत डालों। हो सके तो जिनके आपस मे संबंध बिगड़ रहे हो उनमें एकता कराने का प्रयास करो। मुनिश्री ने कहा कि अच्छे काम की, दान देने वाले, व्रत नियम संयम लेने वालो की अनुमोदना करों, उन्हे सहयोग करो, तभी आपके जीवन मे सुख, समृद्धि शान्ति प्राप्त होगी। आगामी जन्मों में इस पुण्यफल में वैभव प्राप्त होगा। अनेक आश्चर्यचकित करने वाले अतिशय होगा। इस अवसर पर 24 महिलाएं जो आज सुबह श्री शान्तिनाथ पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरगगंढ़ की पैदल वंदना करके लौटी उनका सम्मान किया गया है। साथ ही बडे जैन मंदिर जो आयुर्वेदिक औषधालय बड़े रूप् मे बनकर प्रारम्भ होगी। इसके पूर्व अस्थाई रूप से मुनिद्वय के सान्निध्य मे औषधालय का उद्घाटन हुआ।

## दुष्कर्म कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**गुना, देशबन्धु।** जिले की राघौगढ़ पुलिस द्वारा विवाहिता को बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म करने वाला मुख्य आरोपी को गुना से दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय एक विवाहित महिला द्वारा जिले के राघौगढ़ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 7 मइ को वह रिश्तेदार के यहां शादी में गई हुई थी। जहां उसे उसका परिचित दीपक कुशवाह निवासी ग्राम खेजरा थाना केंट गुना अपने एक साथी सहित मिला। जो उससे अपने किसी रिश्तेदार के घर चाय पीने के लिये चलने का बोला तो वह अपने 9 माह के बच्चे सहित उनके साथ चली गई। जहां पर दीपक कुशवाह के द्वारा उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया । इसके बाद दीपक कुशवाह उसे गुना ले गया जहां 12-13 दिन तक दीपक कुशवाह द्वारा उसे बंधक बनाकर रखा। उसके साथ गई बार उसकी मर्जी के विरूद्ध जबरदस्ती गलत काम किया।

जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी दीपक कुशवाह एवं उसके साथी के विरूद्ध राघौगढ़ थाने में अपराध धारा 344, 376(2)(एन), 376डी, 506 भादवि के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर मुख्य आरोपी दीपक पुत्र पप्पू कुशवाह को गुना के रिलायंस पैट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है । प्रकरण के दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और जिसे भी शीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा।

### माहेश्वरी महिला मंडल ने कराई सत्यनारायण की कथा

**गुना, देशबन्धु।** माहेश्वरी महिला मंडल के द्वारा श्रावण एवं अधिमास के उपलक्ष्य में महेश्वरी भवन में सत्यनारायण कथा का आयोजन रखा किया गया। इसमें समाज की वरिष्ठ जनों को आमंत्रित किया। जिनका श्रीफल से नीलिमा लाहोटी, पूनम लड्ढा, विष्णु कांता मजे, नीलम लड्ढा, आशा राठी आदि ने सम्मान किया। वहीं शशि राठी, लक्ष्मी राठी, शारदा सुरजन, रीता लड्ढा ने फूलों से किया। कार्यक्रम में रितु भट्टर ने पूजन सामग्री एकत्रित की। जबकि वर्षा, मधु, आशु भट्टर, रेनू सोमानी साज सज्जा का काम किया। सत्यनारायण कथा की पूजन मीना खवानी, दीपाली, प्रेमलता, कमलेश, सीता ने की। बाद में शोभा राठी, पदमा लाहोटी, रंजना, सरिता, सरिता भट्टर, ममता आदि ने हवन किया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर भगवान की आरती की। इस मौके पर अध्यक्ष श्रीमती उपमा राठी ने स्वागत शब्द सुमनो से किया गया। अंत में आभार प्रमिला लड्ढा ने माना।

### शिव का दरबार सभी के लिए खुला हुआ है : पं मोहितराम

**सीहोर, देशबन्धु।** संसार में जितने भी दिन दुखी अनाथ हमारे और आपके जैसे बेसहारा का सहारा अनाथों का नाथ हैं भगवान भोलेनाथ भगवान विश्वनाथ हमारे भगवान सोमनाथ शिव शंकर हैं जो सभी दीन दुखियों को अपने गले लगाते हैं। सभी का सहारा बनते हैं शिव का दरबार सभी के लिए खुला हुआ है जो भी आएगा उसे अपना लिया जाता है यही मेरे शिव की प्रतिज्ञा है। उक्त अधिकार नगर सतवास जिला देवास श्री अश्लेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के छटवें दिन कथा व्यास पंडित मोहित राम जी पाठक ने कहें।

कथा में आगे भगवान गणेश के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान गणेश ने दीन दुखी मूषक चूहे को अपनाया नन्हीं दुर्वा घास को अपनाया भगवान गणेश ने सभी दुखियों को भगवान शिव की तरहां शरण दी। यही तो शिव परिवार की श्रेष्ठा है हम सब को भी एवं हमारे परिवार को भगवान शिव परिवार की तरह जीवन यापन करना चाहिए।

## नपा ने जप्त की 2 क्विंटल से अधिक पॉलीथिन, 7 हजार का जुर्माना वसूला

**सीहोर, देशबन्धु।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर शुक्रवार को प्रतिबंध लग जाने के बाद नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाकर पॉलीथिन के उपयोग को लेकर सख्ती बरती जा रही है। पिछले 3 माह से नगर पालिका द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पालीथिन के विक्रेताओं को इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बैठक कर चर्चा भी की है, लेकिन इसके बाद भी इसका उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा सिंगल यूज पालिथिन के उपयोग नहीं करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

नगर पालिका के सीएमओ भूपेन्द्र कुमार दीक्षित के निर्देश के बाद दुकानों की चेकिंग की। यहां से करीब दो क्विंटल पॉलीथिन जब्त की। इस दौरान 7 हजार के चालान भी बनाए गए। दुकानदार व व्यापारियों को पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई।

नगर पालिका ने गुरुवार की सुबह शहर के सब्जी मंडी, गांधी रोड सहित अन्य स्थानों पर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान अलग-अगल क्षेत्रों में कार्रवाई की। दल द्वारा आसपास की दुकानों पर चालानी कार्रवाई की। डेढ़ घंटे तक चले इस सघन अभियान चलाया गया। विक्रेताओं व उपभोक्ताओं के खिलाफ 500 एवं 1000 हजार रुपए के चालान बनाए। दुकानदारों को चेताया गया कि दोबारा प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने चार गुणा तक जुर्माना वसूला जाएगा।

### व्यवस्था का होगा आधुनिकीकरण : खनूजा

**सीहोर, देशबन्धु।** प्रदेश में संचालित परिवहन चेकपोस्टों पर आवागमन सुगम और सरल बनाने के लिए गुजरात राज्य की तर्ज पर चेकपोस्टों को बंद कर चेकिंग व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इससे जहां एक ओर वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों के समय की बचत होगी।

यह जानकारी कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह खनूजा ने दी। उन्होंने बताया कि गुजरात मॉडल के लागू होने तक प्रदेश में चल रहे परिवहन चेकपोस्ट पर वाहनों का आवागमन सुगम करने के लिए 7 अस्थायी चेकपोस्ट (प्राणपुर, बिलौआ, नहर, समरसा, करहाल, रानीगंज तिगेला, राजना) और इसके अतिरिक्त वर्तमान में चल रहे सभी छह चेकिंग पॉइंट मंगलवार से बंद किए गए। उन्होंने बताया कि चेकपोस्ट पर गाडियों की मैनुअल चालानी कार्रवाई चरणबद्ध रूप से बंद की जाएगी। बता दें कि इस मामले को लेकर कल मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्टर्स की बैठक भी आयोजित की गई थी। आदेश से पहले ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की महापंचायत भी भोपाल में हुई।

# स्वीप कार्यक्रम : मतदाताओं को किया जा रहा है जागरुक

**शिवपुरी, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। इसी क्रम में आज कलापथक दल के प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव द्वारा तहसील नरवर के ग्राम करई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मताधिकार की जानकारी दी।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उपसंचालक ब्रजेन्द्र यादव के निर्देशन में कलापथक दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किए जाने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलापथक दल के प्रमुख कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरुकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें।

इस दौरान उन्होंने सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पटेल एवं सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारी राजेन्द्र चौहान सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कोलारस में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

**शिवपुरी, देशबन्धु।** अभी 9 अगस्त से पूरे प्रदेश में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को कोलारस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों के खाते में राशि वितरण का कार्यक्रम भी इसी दिन आयोजित किया गया। खरई ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी, एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, जनपद सीईओ ऑफिसर सिंह, सीडीपीओ पूजा स्वर्णकार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और हितग्राही शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने लाड़ली बहनों को संबोधित किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसी अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी ने पांच प्रण की शपथ ली और वीर शहीदों को नमन किया।

### *अब शिकायतों का भी नहीं होता विभागों पर असर*

# *मूलभूत सुविधाओं से वंचित है ग्राम बीसू खेड़ी*

*अब्दुल रऊफ खान*

***आष्टा, देशबन्धु।** जावर तहसील की ग्राम पंचायत कजलास का ग्राम बीसू खेड़ी विकास से अछूती है, यहां के ग्रामीण को मूलभूत सुविधाएं तक से वंचित हैं।*

*कागजों में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम होने के बावजूद आम विकसित गांव से परे इस गांव की तस्वीर और तकदीर पुराने युग की याद ताजा कर देती है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम बिसुखेड़ी में ऐसा लगता ही नहीं है कि विकास की यात्रा से इस गांव का कोई वास्ता रहा।*



*जनपद आष्टा के ग्राम पंचायत कजलास का प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम बिसुखेड़ी ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही अनदेखी की शिकायतें अधिकारियों से लगाकर उच्च अधिकारियों को करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला। यहां पिछले विधान सभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की घोषणा के बाद तत्कालीन कलेक्टर ने स्वयं विकास की जिम्मेदारी लेकर बहिष्कार समाप्त करवाया था, ग्राम पंचायत कजलास में अब तक फाइलों में तो करोड़ों के विकास कार्य हुए मगर ग्राम में न तो पक्की सड़क है और न ही सीसीरोड़, न पीने के पानी की व्यवस्था न शमशान घाट पहुंचने का मार्ग, मजबूरन ग्रामीण कीचड़ से सने मार्गो से निकलते हैं और विकास के नाम पर लंबे समय से छले जा रहे हैं। हैरत की बात है कि 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने जा रहे भाजपा विधायक रघुनाथ सिंह मालवी का अधिकांश लोगों को न ही नाम मालूम है और न ही उन्हें देखा है। सीहोर की आष्टा जनपद की जावर तहसील में जिले के अंतिम छोर का 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम' यानी प्रधानमंत्री द्वारा गोद लिया गांव। मूलभूत सुविधाओं को दूर यहां तक कि मरने के बाद भी श्मशान तक ले जाने वाला दुर्लभ कीचड़ से भरा ऐसा रास्ता अगर बारिश में नाले में बाढ़ आ जाये तो मृतक को 24 घंटे तक शमशान ले जाने के लिए बाढ़ का पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है।*

*इस संबंध में आष्टा जनपद सीईओ अमित व्यास से बात करनी चाही तो सीईओ ने ऑन रिकार्ड बात करने से मना करते हुए कहा की मेरी कोई जिम्मेदारी नही है ग्राम पंचायत से बात करें। कजलास ग्राम पंचायत के सरपंच बाबूलाल जाटव से बात करना चाही तो बाहर होने की बात कहकर टाल दिया।*

*गौरतलब है कि 30 वर्षों से भाजपा के ही आष्टा विधान सभा से विधायक है विगत 15 वर्षो से भाजपा से ही जनपद अध्यक्ष है,लगभग 20 वर्षों से प्रदेश में बीजेपी की सरकार है मुख्यमंत्री विकास यात्राएं निकाल रहे है उनके प्रतिनिधयों ने गांव गांव विकास यात्राएं निकाली तब मुख्यमंत्री के ग्रह जिले का ही यह अविकसित सा गांव सम्पूर्ण शासन-प्रशासन के लिए सवालिया निशान से कम नही। ग्राम के बापूसिंह कहते है कई वर्षो से में बीजेपी में हूं वर्तमान में ग्राम अध्यक्ष हूं लेकिन गांव की दुर्दशा देखकर पार्टी छोड़ रहा हूं। ग्रामीण महिला राजबाई बताती है की नलजल योजना नही होने से 2 किलोमीटर दूर खेत से पानी लाना पड़ता है। गांव में प्रधानमंत्री आवास की मात्र एक कुटीर मिली है।*

### *इनका कहना है*

*ग्राम का यह मामला मेरे संज्ञान में आया है हमने ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव से कारण पूछा है और कहा है कि जो भी ग्राम की समस्या है उसका प्रस्ताव बनाकर भेजें हम ग्राम की समस्या का निराकरण करवाएंगे।*

***जनपद अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान आष्टा***

*यहां की समस्या एक हो तो बताएं यहां मृत्यु होने पर बारिश में 24-24 घंटे मेहमानों को नाले की बाड़ उतरने का इंतजार करना पड़ता है,विकास का नामो निशान नही है,जब प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम की यह हालत है तो अन्य गांवों में क्या होगी समझा जा सकता है।*

***मनोहर सिंह पंडितिया समाजसेवी जावर***

# राजधानी

## सार समाचार

### अमितोज बने निशातपुरा रेलवे कोच फैक्ट्री के प्रबंधक

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले अमितोज बल्लभ निशातपुरा रेलवे कोच फेक्ट्री (सवारी डिब्बा पुननिर्माण कारखाना) के प्रबंधक बनाए गए है। उन्होंने निवर्तमान मुख्य कारखाना प्रबंधक आशीष कुमार कुल्हाड़ा से पदभार ग्रहण किया। अमितोज बल्लभ भारतीय रेलवे यॉत्रिक इंजीनियर सेवा 1996 बैच के रेल अधिकारी हैं, इससे पहले वह पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल में एडीआरएम के पद पर थे। वहीं इसके पूर्व भोपाल मंडल में वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर (समन्वय) के पद पर कार्य कर चुके हैं।

### स्वतन्त्रता दिवस पर होगी भारत माता की महाआरती

**भोपाल, देशबन्धु।** शास्वत भारत मित्र मंडल के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को भारत माता की महाआरती का आयोजन किया जायेगा। मण्डल के अध्यक्ष शास्वत सक्सेना ने बताया कि यह आयोजन नादरा बस स्टेंड चौराहा पर शाम 6 बजे संरक्षक भारत भूषण के नेतृत्व में होगा। इस कार्यक्रम के लिये भातर माता की 11 फीट ऊंची आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के प्रख्यात कलाकारों द्वारा देशभक्ति के तरानों की प्रस्तुति भी दी जायेगी।

### आवेदन की अंतिम तिथि आज

**भोपाल, देशबन्धु।** माटी शिल्पियों को वर्ष 2021-22 एवं 22-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया जाना है। प्रथम पुरूस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरूस्कार 50 हजार और तृतीय पुरूस्कार 25 हजार रुपये का होगा। इसके लिए जिले के माटी शिल्पियों से प्रथक-प्रथक आवेदन 11 अगस्त तक कलाकृति सहित जिला अधिकारी माटीकलां बोर्ड कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

### उदघाटन समारोह स्थगित

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने बताया कि योग एवं पगडी रस्म हाल का उदघाटन 12 अगस्त को तय किया गया था उसको किसी कारणवश से स्थगित कर दिया गया है। आगामी तिथि जल्द ही घोषणा की जाएगी।

### सेवा सदन अस्पताल को नेत्रों का दान

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** डीआइजी बंगले के पास संत कंवरराम कालोनी निवासी 70 वर्षीय श्रीमती कमला देवी राजवानी का देहावसान आज हो गया। दिवंगत श्रीमती राजवानी के पुत्र रवि राजवानी ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । स्व. कमला देवी राजवानी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन केट्रस्टी एल.सी. जनियानी ने नेत्रों का दान करवाने पर परिवार जन के प्रति स्वजन के कृतज्ञता प्रकट की है। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2013 दृष्टिबाधित लोगों को नि:षुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है।

# शौहर ने कहा 3 तलाक तो बीवी ने की खुदकुशी की कोशिश

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने निकाह के चंद दिनों बाद ही पत्नी से अभद्रता करते हुए तीन बार तलाक बोल दिया। महिला ने इस घटना से आहत होकर अधिक मात्रा में दवा खाकर जान देने की कोशिश कर डाली। उपचार के बाद ठीक होने पर महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके शौहर के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले में अभी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कोहेफिजा थाने की एसआइ आद्रियाना भगत ने बताया कि तलैया क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि परिवार वालों की सहमति से उसका निकाह इसी वर्ष 27 मई को कोहेफिजा थाना इलाके की एनआरआइ कालोनी में रहने वाले इफाम खान के साथ हुआ था। इफाम मुंबई में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। शादी के कुछ दिनों बाद ही इफाम ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। वह कहता कि परिवार वालों के दबाव में उसने शादी कर ली है, लेकिन वह उसे पसंद नहीं करता है। इस मुद्दे पर वह आए दिन विवाद करने लगा था। 19 जून को भी उनके बीच झगड़ा हुआ तो इफाम ने उससे तीन बार तलाक बोलकर संबंध समाप्त करने की बात कही। साथ ही मुंबई चला गया। इस घटना से मानसिक तनाव के कारण उसने अधिक मात्रा में दवाएं खा ली थी। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेहत ठीक होने के बाद उसने थाने में शिकायत की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ तीन तलाक का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हमीदिया अस्पताल का स्त्री-प्रसूता विभाग

# अब डा.बाला सरस्वती के नाम जानी जाएगी एचडीयू यूनिट




**भोपाल, देशबन्धु।** जूनियर डाक्टर बाला सरस्वती की खुदकुशी के बाद भी उसके साथ काम करने वाले उसे भूला नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि जूनियर डाक्टरों ने हमीदिया अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग में डा.बाला सरस्वती की याद में हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) के नाम को बदल दिया है। जूनियर डाक्टरों ने इस यूनिट को सरस्वती नाम दिया है।

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के डा.संकेत सीते ने बताया कि हमीदिया अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग की हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू ) का नाम बदलने को लेकर विभाग से तुरंत अनुमति मिल गई थी। इसके बाद वार्ड का नाम बदल दिया गया। अब विभाग का एचडीयू यूनिट को सरस्वती वार्ड के नाम से जाना जाएगा। इस फैसले का हमीदिया अस्पताल के जूनियर डाक्टरों सहित अन्य विभाग के प्राध्यापकों ने भी स्वागत किया है।

उल्लेखनीय है , कि गांधी मेडिकल कालेज की जूनियर डाक्टर बाला सरस्वती 27 ने 31 जुलाई को खुदकुशी की थी। वे 14 हफ्ते की गर्भवती थीं। उनके बिस्तर के पास बेहोशी के दो खाली इंजेक्शन मिले थे। पुलिस ने सरस्वती का मोबाइल फोन जब्त था।

### पुलिस की सुस्त कार्रवाई को लेकर सवाल

इधर जूनियर डाक्टर पुलिस की सुस्त कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरस्वती के परिजनों ने पुलिस से एफआईआर में देरी का कारण पूछा गया था। इसका जबाव देते हुए पुलिस ने सरस्वती के फोन को लेकर साइवर की रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कही थी। हालांकि कुछ जूनियर डाक्टर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण में देरी को लेकर काफी नाराज हैं।

# संत रविदास के विचार दुनिया को दे रहे हैं दिशा

## 2 दिन के बाद समरसता यात्रा रायसेन के लिए हुई रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** संत रविदास ऐसी महान विभूति हैं, जो विगत 600 वर्षों से दुनिया को प्रेरणा, विचार, आदर्श और मार्गदर्शन देकर समरस बना रहे हैं। यह विचार गुरूवार को संत रविदास सेवा संस्था, मंदिर बरखेड़ा भेल में संत रविदास समरसता यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अनेक निर्वाचित पार्षद और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जन संवाद में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि संत रविदास के विचार, शिक्षाएं और प्रेरणा सदियों तथा दशकों से मानवता का मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास की भक्ति का परिणाम ही था कि गंगा भी उनकी कठौती में आ जाती थी। उन्होंने कहा कि मन की शुद्धता के लिए संत श्री के विचार आज भी सामयिक हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से आव्हान किया कि वे 12 अगस्त को सागर में 100 करोड़ से बनने वाले संत रविदास मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुँचे। नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि संत रविदास के 100 करोड़ से सागर में बनने वाले मंदिर से आने वाली पीढ़ियां शिक्षा लेकर समाज निर्माण में लगेगी। जन संवाद को उत्तर प्रदेश से आए अनिल सूद और संत रविदास मंदिर के बारेलाल अहिरवार ने भी संबोधित किया।

इसके पूर्व समरसता यात्रा के गोविन्दपुरा क्षेत्र में पहुँचने पर नागरिकों ने संत रविदास के भजनों के गायन और पुष्प वर्षाकर स्वागत किया। विधायक श्रीमती गौर और नगर निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने संत रविदास की चरण पादुका सिर पर रखकर मंदिर तक पहुँचाई और पूजा पाठ कर यात्रा का स्वागत किया। जन संवाद के बाद में समरसता यात्रा भोपाल से रायसेन के लिए रवाना हुई।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने के लिए गैस पीड़ितों ने दिया धरना



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल गैस पीड़ितों ने गुरुवार को नीलम पार्क में धरना दिया। गैस पीड़ित व निराश्रित पेंशन भोगी महिलाओं ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 6 सौ रुपए से बढ़ाकर एक हजार रुपए करने की मांग की। वहीं, दिव्यांगों को भी राहत देने का मुद्दा उठाया।

गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर यह धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 23 से 60 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाएं एक हजार रुपए देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने जून में की थी। इसे 3 महीने बीतने को आ रहे हैं किंतु अधिकांश महिलाओं को अभी तक एक हजार रुपए महीना नहीं मिला है। निराश्रित पेंशन भोगी वृद्ध महिलाओं को पेंशन 600 रुपए महीना अभी भी मिल रही है, जबकि नियम अनुसार 23 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को एक हजार रुपए महीना पेंशन मिलना चाहिए।

श्री नामदेव ने कहा कि गैस पीड़ित विधवा महिलाओं की पेंशन राशि में पिछले 13 साल से कोई वृद्धि नहीं की गई, जबकि महंगाई आसमान छू रही है। पेंशन राशि आज भी एक हजार रुपए महीना दी जा रही है। यह वर्ष 2010 में शुरू की गई थी। संगठन की मांग है कि महंगाई के अनुपात में गैस पीड़ित विधवा महिलाओं को व गैस कांड में स्थाई तौर पर दिव्यांग हुए लोगों को कम से कम 3 हजार रुपए महीना पेंशन सरकार दें। इसी प्रकार सभी निराश्रित पेंशन भोगियों की पेंशन समान दर से अति शीघ्र एक हजार रुपए प्रतिमाह करना चाहिए।

# भोपाल और नर्मदापुरम के बच्चों ने दिखाए कौशल

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न बालगृहों में निवासरत बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर तथा मंच प्रदान किये जाने के लिए मुख्यमंत्री बाल खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तहत गुरूवार को जवाहर बाल भवन तुलसी नगर में अर्जुन समूह ए में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिला स्तर से चयनित बालकों के लिए संभाग स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गायन, नृत्य, कविता एवं नाटक में विभिन्न आयुवर्ग के भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के बाल देखरेख संस्थाओं के 39 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। भोपाल के शासकीय बालिका गृह, एसओएस बालग्राम, सामान्य, एसओएस बालग्राम, विशेष आवश्यकता, नित्य सेवा सोसायटी, बाल निकेतन ट्रस्ट, मदर टेरेसा आश्रम के 24 बालक - बालिका और नर्मदापुरम के जीवोदय बालगृह बालक इटारसी, मुस्कान बालिका गृह इटारसी के 15 बालक- बालिका, शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन उपरांत नृत्य, गायन, कविता स्वरचित एवं नाटक मंग विभिन्न आयुवर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित बालक एवं बालिकाओं को राज्य स्तर पर प्रस्तावित सांस्कृतिक प्रतियोगिता हेतु नामांकित किया गया।


**नोटिस**

Presiding Officer : श्री दिनेश मीणा

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000069/2021)

अब्दुल मतीन.......................................................... वादी

Vs

जुग्गु.......................................................... प्रतिवादी

Process Id- 2436/2023

पेशी दिनांक-11.09.2023

प्रेषिती-

(1) विमला चौधरी पति स्वर्गीय विट्ठलराव सेवानिवृत्त डी.एस.पी

पता- 9/10 साउथ टीटी नगर भोपाल मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी अब्दुल मतीन ने आपके विरूद्ध धारा-34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22 July 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील

**दिनेश मीणा**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**मुलताई, जिला बैतूल**

कृपया ध्यान दे:-1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इकलौद सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 516 दिनांक 27.05.1967**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित **इकलौद** के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक **15.08.23** को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन **इकलौद** सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **09.09.22** की पुष्टि बावत् ।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार ( यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत्
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत्।
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत्।
11. समिति का पुनर्वगठन करने बावत् विचार।
12. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति इकलौद**



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बडौदाताल सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 4360 दिनांक 27.05.1967**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित **बडौदाताल** के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक **15.08.23** को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन **बडौदाताल** सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **17.09.22** की पुष्टि बावत्।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार ( यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत्
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत्
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत्
11. समिति का पुनर्वगठन करने बावत् विचार।
12. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति बडौदाताल**



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दीपनाखेड़ा सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 8433 दिनांक 27.05.1967**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित **दीपनाखेड़ा** के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक **15.08.23** को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन **दीपनाखेड़ा** सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **09.09.22** की पुष्टि बावत्।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार ( यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत्।
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत्।
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत्।
11. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति दीपनाखेड़ा**



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हाजीपुर सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 545 दिनांक 05.01.1968**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित **हाजीपुर** के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक 15.08.23 को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन **हाजीपुर** सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **03.09.22** की पुष्टि बावत् ।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार ( यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत् ।
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत् ।
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत् ।
11. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति हाजीपुर**



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सियलपुर सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 527 दिनांक 09.05.1967**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित **सियलपुर** के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक **15.08.23** को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन **सियलपुर** सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **15.09.22** की पुष्टि बावत् ।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार ( यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत्।
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत्।
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत्।
11. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति सियलपुर**



**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चितावर सिरोंज**
**पंजीयन क्रमांक 515 दिनांक 25.02.1995**
**साधारण वार्षिक आमसभा सूचना**

दिनांक 31.07.2023

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चितावर के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा दिन मंगलवार दिनांक **15.08.23** को दोपहर 2.00 बजे स्थान गोदाम भवन चितावर सिरोंज में आयोजित की गई है।

गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1 / 2 आधा घंटे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

**विचारार्थ - विषय**

1. गत वार्षिक साधारण सभा की बैठक **06.9.22** की पुष्टि बावत् ।
2. वर्ष 2022-23 का प्रतिवेदन, अंकेक्षण, वित्तीय पत्रक एवम अंकेक्षण प्रतिवेदन स्वीकार करना।
3. वर्ष 2022-23 का अनुपूरक बजट स्वीकृत करना।
4. आगामी वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट स्वीकृत करना।
5. संस्था की उपविधि में आवश्यक संशोधन स्वीकृत करना / उप-विधि में संशोधन कराये जाने विषयक विचार (यदि वर्ष में आवश्यक है। तो)
6. संस्था प्रबंधकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर बकाया ऋण की जानकारी अवलोकन करना।
7. उपाविधि अनुसार वर्ष 2022 - 23 में अंकेक्षण वार्षिक पत्रक अनुसार शुद्ध लाभ का विभाजन एवं अंशो पर लाभांश स्वीकृत करना।
8. खारिज योग्य डेड स्टाक के अपलेखन स्वीकृत बावत्।
9. एक मुश्त समझोता योजनांतर्गत अपलेखन स्वीकृत बावत्।
10. संस्था की वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु संपरिक्षक / संपरिक्षक फर्म की नियुक्त करने बावत्।
11. समिति का पुनर्वगठन करने बावत् विचार।
12. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से रखे जा सकेगें।

**हस्ताक्षर एवं सील**
**सहायक/समिति प्रबंधक समिति चितावर**

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 11 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन




# कैसे बचेगा लोकतंत्र

क्या मोदी सरकार के लिए लोकतंत्र, संविधान की व्यवस्थाओं, सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की कोई अहमियत नहीं है। क्या मोदी सरकार हर उस फैसले को बदलेगी या पलटेगी, जिससे उसकी सत्ता पर कोई आंच आ सकती है। क्या देश पर 50 सालों तक शासन करने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपनी कठपुतली बनाने में जरा भी नहीं झिझकेगी। ये सारे सवाल दरअसल मानसून सत्र के दौरान आई एक खबर की उपज हैं। वैसे तो इस बार का मानसून सत्र मणिपुर मुद्दे पर हंगामे, राहुल गांधी की संसद में वापसी और सबसे अधिक मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के कारण खबरों में रहा है। लेकिन इन खबरों के शोर में कई जरूरी विधेयक सरकार ने आनन-फानन में पारित करवा लिए, इसकी खबर ही नहीं हुई। अब खबर आई है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय का उल्लंघन करते हुए मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण कब्जे की तैयारी में है। दरअसल 2024 के चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति अपने हाथ में लेने के लिए सरकार नया विधेयक ला रही है। प्रस्तावित विधेयक में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के पैनल से मुख्य न्यायाधीश का नाम हटाया गया है। विधेयक में तीन सदस्यीय पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सरकार के एक मनोनीत मंत्री हैं, मतलब साफ है कि मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति का संतुलन पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है। जबकि इससे पहले शीर्ष अदालत ने मार्च 2023 में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानक तब तक लागू रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। लेकिन सरकार के इस ताजा कदम से यही अंदेशा होता है कि अब चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था को मोदी सरकार अपने इशारों पर चलाने की बदनीयत रखती है।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप मोदी सरकार पर सैकड़ों बार लगे। सरकार के पास इन्हें नकारने के लिए कोई संतोषजनक जवाब हैं भी नहीं। वैसे भी मोदी सरकार में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है। यहां सवाल के बदले या तो आरोप लगाए जाते हैं या फिर पुरानी बातों को उखाड़ कर नए सिरे से पेश किया जाता है। मणिपुर की गंभीर समस्या पर देश देख रहा है कि किस तरह सरकार जवाब देने में आनाकानी करती रही, प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने से बचते रहे तो मजबूरन इंडिया को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हुई और प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को संसद पहुंचे। उन्हें गुमान है कि बहुमत के कारण उनकी सरकार का कोई बिगाड़ नहीं हो सकता। लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, वहां उन्हें बिगाड़ से ज्यादा ईमान की फिक्र करना चाहिए। प्रधानमंत्री से पहले उनकी सरकार के बाकी मंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहते रहे, उसमें मणिपुर की बात कम और अपनी सरकार की, प्रधानमंत्री की वाहवाही अधिक थी। क्या इस देश के लोगों ने भाजपा को बहुमत इसलिए दिया था कि वह देश में शांति और स्थिरता की बात छोड़कर अपनी तारीफें करती रहे। क्या भाजपा को या नरेन्द्र मोदी को अपने कामों पर इतना भरोसा नहीं है कि तारीफ का जिम्मा वो जनता पर छोड़ दें। 2014 के बाद 2019 में भी जनता को लगा कि भाजपा ही देश के लिए ठीक है, प्रधानमंत्री की कुर्सी पर फिर से नरेन्द्र मोदी को ही बैठना चाहिए तो उसने फिर से भाजपा के पक्ष में वोट किया। अब 2024 की बारी है। लेकिन अब शायद नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विश्वास डगमगाने लगा है। इसलिए प्रधानमंत्री संसद में आने से कतराते रहे, विपक्ष के सवालों का सामना करने से बचते रहे। और अब ऐसा विधेयक लाने जा रहे हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव की संभावनाएं ही खत्म हो जाएंगी।

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता और निष्पक्षता रहे, इसलिए शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम को समिति में रखना तय किया था। इससे चयन प्रक्रिया में जरूरी संतुलन बना रहता। मगर अब तो यह फैसला एकतरफा ही रहेगा। अगर विधेयक कानून बन गया तो नेता प्रतिपक्ष समिति में अकेला पड़ जाएगा, क्योंकि प्रधानमंत्री के साथ उनकी कैबिनेट का कोई मंत्री समिति में शामिल होगा। इस तरह नेता प्रतिपक्ष के फैसले का कोई महत्व ही नहीं रहेगा। यूं भी अब पंच परमेश्वर वाला जमाना तो रहा नहीं, जहां फैसला करने की आसंदी पर बैठे इंसान से पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जाए। केबिनेट मंत्री हर हाल में प्रधानमंत्री की राय के साथ ही जाएगा, नेता प्रतिपक्ष के साथ नहीं। इस विधेयक के जरिए मोदी सरकार ने अपनी मनमानी प्रवृत्ति को खुलकर जाहिर कर दिया है। सरकार के इस रवैये से अब डरने और सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि अब तक लोकतंत्र के नाम पर जो थोड़ी बहुत पर्देदारी थी, वो सब खत्म हो चुकी है। सरकार अपने इरादों को सरेआम प्रकट कर रही है। अब इसके बाद एक ही चीज बची है। सरकार एक ऐसा विधेयक और ले आए, जिसमें केवल चुनाव आयुक्त ही नहीं, भारत के मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष, राज्यों के मुख्यमंत्री सब का चयन सरकार ही करेगी और ये फैसला भी सरकार लेगी कि कौन वोट देगा, कौन नहीं। इसके बाद लोकतंत्र की जननी जैसे जुमलों की जुगाली की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। लोकतंत्र किस चिड़िया का नाम है, ये भी लोग भूल ही जाएंगे।

वैसे भी लोगों की याददाश्त अब कुंद हो चुकी है। 9 साल पहले किए गए वादों का हिसाब जब जनता नहीं ले रही तो लोकतंत्र के बारे में प्रधानमंत्री ने कब, क्या कहा, ये भी क्यों याद रखेगी। वैसे कांग्रेस ने इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया है। के सी वेणुगोपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास है। अरविंद केजरीवाल ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री का संदेश साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, उसे वो संसद में कानून लाकर पलट देंगे। विपक्ष के इन बयानों से जाहिर है कि उसे भाजपा की चालाकी समझ आ रही है। लेकिन सवाल ये है कि इस चालाकी का तोड़ विपक्ष कैसे निकालेगा। अभी 2024 के चुनाव में साल भर का वक्त है। इंडिया के पास तैयारियों के लिए अधिक समय नहीं है। अगर अभी से अपने सारे छोटे मोटे मतभेदों को किनारे कर इंडिया एकजुट होकर चुनाव में खड़ा होगा, तभी लोकतंत्र के बचने की कोई उम्मीद दिखेगी।

# हिंसा की संक्रामक प्रक्रिया को रोकने में हो सकती है डाक्टरों की भूमिका

■ डॉ अरुण मित्रा

देश के कई हिस्सों में हाल की घटनाओं ने भारतीय समाज के समझदार तत्वों की चेतना को झकझोर कर रख दिया है। आज़ादी के समय शिक्षा का स्तर बहुत निम्न था, गरीबी चरम पर थी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मात्र 2.7 लाख करोड़ था वह भी 34 करोड़ की आबादी के लिए, जो दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 3 फीसदी ही था। उस समय भी भारत के लोगों ने धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर आधारित संविधान को अपनाने का विकल्प चुना। यह इसके बावजूद था कि विभाजन के समय बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक दंगे हुए थे और दुनिया में अब तक का सबसे बड़ी जनसंख्या विस्थापन हुआ था।

इन घटनाओं ने भी सौहार्द्रपूर्ण समाज के लिए लोगों के निर्णय को नहीं रोका। बीच की कुछ घटनाओं को छोड़ दें तो देश के लोग तब से एक-दूसरे के प्रति बिना किसी नफरत के एक साथ रहते आ रहे हैं। अब, जब हम सभी क्षेत्रों में विकसित हो गये हैं और 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा कर रहे हैं, तो हमारे लोगों का एक वर्ग सांप्रदायिक आधार पर और दूसरों के खिलाफ नफरत से भर गया है और उनके मन में पूर्वाग्रह पैदा हो गया है।

समाज के एक वर्ग द्वारा विकसित की गई यह मानसिकता मानवतावाद की उस अवधारणा के खिलाफ है जिसके लिए भारत हमेशा खड़ा रहा है। जनता को कट्टरता, झूठे प्रचार और मनगढ़ंत इतिहास से बहकाया जा रहा है। जाति, धर्म, जनजाति, और जातीयता के आधार पर दूसरों के प्रति नफरत के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा की हानि होती है।

इतिहास में दर्ज है कि भारत के विभाजन के समय सांप्रदायिक दंगों में 25 लाख से अधिक लोग मारे गए थे। वे हिंदू, सिख और मुस्लिम तीनों समुदायों के थे। नफरत अविश्वास को जन्म देती है जो आगे चलकर एक-दूसरे के खिलाफ हिंसा में तब्दील हो जाती है। हमने इसे 1984 में सिख विरोधी तथा 2002 में गुजरात में मुस्लिम विरोधी नरसंहार के दौरान देखा था।

ऐसी ही स्थिति कश्मीर में भी विकसित हुई जब अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों को आतंकवादी खतरे और राज्य सरकार के रवैये के तहत पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसलिए भारत में इस समय जो कुछ हो रहा है, वह कोई नई घटना नहीं है, बल्कि अतीत में ऐसी ताकतें जो करने की कोशिश करती रही हैं, उसका ही एक सिलसिला है। जिन अल्पसंख्यकों को हिंदुओं की बहुसंख्यक 80 फीसदी आबादी के लिए खतरा माना जा रहा है, उनके खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। मुसलमानों के तुष्टिकरण जैसे मिथक लोगों के दिमाग में घर कर गये हैं और यह भी कि वे मशरूम की तरह उगेंगे और चार पत्नियों से शादी करेंगे और जल्द ही हिंदू आबादी से आगे निकल जायेंगे। इस घृणा अभियान में तर्क या सबूत का अभाव है। ये बेतुके विचार इलेक्ट्रॉनिक टीवी मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और कानाफूसी अभियानों के माध्यम से फैलाये जाते हैं। ऐतिहासिक धारावाहिक कहे जाने वाले कई टीवी धारावाहिकों का


**सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।**


इस्तेमाल बहुत ही सूक्ष्म तरीके से झूठ और नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है।

ऐसी स्थितियों में महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। स्त्री के शरीर को संघर्षों में एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। मणिपुर की घटना, जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया और उनके साथ छेड़छाड़ की गई, को घृणा, क्रोध और हमारी सामाजिक व्यवस्था में गंभीर विचलन के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्थिति के प्रति राज्य की पूरी असंवेदनशीलता इस बात पर संदेह पैदा करती है कि क्या इन घटनाओं को राज्य के संरक्षण में किसी गुप्त उद्देश्य के साथ अच्छी तरह से योजनाबद्ध किया गया है। घृणा अभियान अपने आप नहीं रुकते।

अब हरियाणा में साम्प्रदायिक दंगे कराये गये हैं। नफरत फैलाने वाले खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ितों पर अत्याचार किया जा रहा है। यूपी, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही घटनाएं होती रहती हैं। अगर अभी इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इससे गुजरात या मणिपुर के स्तर की बड़े पैमाने पर हिंसा हो सकती है।

जो ताकतें इस तरह के नफरत भरे अभियान चलाती हैं, वे हमेशा यह प्रयास करती रहती हैं कि वे कैसे जनता को अपने पक्ष में कर सकें। 1995 में देशभर में भगवान गणेश की दूध पीती प्रतिमा की घटना बेहद सफल परीक्षण थी। यह संदेश कुछ ही समय में पूरे देश में फैल गया, जबकि उस समय कोई सोशल मीडिया नेटवर्क नहीं था। जब लगा कि पूरा मिथक उजागर हो जायेगा तो यह तुरंत रुक गया। गौरतलब है कि इसके बाद गुजरात में हिंसा हुई थी। यह आश्चर्यजनक है कि महात्मा गांधी की भूमि पर ऐसी अभूतपूर्व हिंसा हुई।

ऐसी स्थितियों पर काबू पाने में डॉक्टर सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। समाज के स्वास्थ्य के संरक्षक के रूप में डॉक्टरों का कर्तव्य है कि वे अपनी बात कहें और उचित निर्णय लें। उन्हें आगे आना होगा और सद्भाव, प्रेम, और भाईचारे का प्रचार करने के लिए सम्पर्क कार्यक्रम बनाने होंगे। ऐसी स्थितियों में पीड़ित लोगों में आत्मविश्वास विकसित करने में डॉक्टर एक बड़ा साधन हो सकते हैं।

विक्टर फेंकल, एक ऑस्ट्रियाई मनोचिकित्सक, जो नरसंहार से बचे थे, ने नाजी एकाग्रता शिविरों में कैदियों को बेहतर भविष्य की आशा कभी नहीं खोने के लिए प्रेरित करने का एक महान काम किया। अपने लगातार प्रयासों से वह हिटलर के युद्ध हारने के बाद कई लोगों को मरने से बचाने और जीवित रहने में सक्षम बनाया था।

हमारी आवाज़ मायने रखती है। लेकिन हमारी चुप्पी पेंचीदा और कर्तव्य के प्रति लापरवाही हो सकती है। नफरत फैलाने वालों की लगातार धमकियों और राज्य की संदिग्ध भूमिका के बावजूद बदलाव आ रहा है। कई वैज्ञानिक जो अब तक शांत थे, मिथकों और अवैज्ञानिक विचारों को चुनौती देने लगे हैं। ताली और थाली बजाने वाले डॉक्टरों को अब एहसास हो गया है कि यह कोविड से छुटकारा पाने का वैज्ञानिक तरीका नहीं था। अंततः हमें 1600 डॉक्टरों की जान की कीमत पर महामारी से लड़ना पड़ा। गौमूत्र या गोबर अभियान का कोई भी अभियान काम नहीं आया।

कई डॉक्टर इस बात को समझते हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें बोलने की हिम्मत जुटानी चाहिए। घृणा अभियानों का राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर मुकाबला किया जाना चाहिए। डॉक्टरों को चुप नहीं बैठना है बल्कि देश को इस संकट से बाहर निकालने के उपाय खोजने हैं। डॉक्टर अपने मरीजों के साथ संवाद कर सकते हैं और नरम स्वर में प्यार और करुणा की बात कर सकते हैं जो हमारे पेशे का एक हिस्सा है। फिर उनसे उनकी भाषा में बात करें। हमें उन ताकतों की पहचान करने से नहीं कतराना चाहिए जो सौहार्द्र बिगाड़ने पर तुले हुए हैं। हमें यह समझना होगा कि इस तरह की हिंसा एक महामारी स्वास्थ्य समस्या है और इस प्रकार योजना बनायें जैसे हम अन्य बीमारियों के लिए करते हैं। प्राथमिक रोकथाम दृष्टिकोण स्थिति को खराब होने से रोकना है और हिंसा शुरू होने से पहले हिंसा को रोकना है। द्वितीयक रोकथाम जोखिम वाली आबादी और अंतर्निहित जोखिम कारकों को लक्षित करना है।

सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है क्योंकि हिंसक व्यवहार संक्रामक प्रक्रिया है और इससे समान तरीके से निपटना होगा। प्रेम, सहानुभूति, और दूसरों की देखभाल पर जोर देकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें। तर्क और प्रमाण पर बात करें। कमजोरों और वंचितों के प्रति विनम्र रहें और हमारे समाज में उन हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ दृढ़ रहें जो हमारे देश में सामाजिक सद्भाव के नाजुक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

समय आ गया है कि हम चुप्पी तोड़ें।
गलत के सामने कभी बगलें न झांकें।।

# खाद्य महंगाई के लिए सरकार की अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां जिम्मेदार

क्रिसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार टमाटर, अदरक सहित तमाम सब्जियों, मसालों, दालों एवं चावल की कीमतों में वृद्धि की वजह से वेज थाली 34 फीसदी महंगी हो चुकी है, जबकि नॉन वेज थाली मात्र 13 फीसदी हुई है। देश में जून, जुलाई महिने के बाद लगातार तीसरे महिने अगस्त में खाद्य महंगाई अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर रिकॉर्ड बना रही है। दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, अदरक अभी भी 200-250 रुपए के पार चल रहे हैं। आटा, दाल, दूध, मसाले सहित रोजमर्रा की तमाम जरूरी खाद्य सामग्रियों की कीमतें भी जुलाई महिने में अपने 'ऑल टाईम हाई' लेबल पर खेल रहीं हैं। आम आदमी बेबस और लाचार है, मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि देश में महंगाई है? सरकार दावा कर रही है कि देश में थोक महंगाई दर पिछले 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है।

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों की रसोई का सारा खेल बिगड़ चुका है। गरीबों और मध्यमवर्ग की थाली से टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया की चटनी गायब है। देश की आधी आबादी यानि लगभग 70-72 करोड़ लोग खाद्य महंगाई की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में लगातार तीसरे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। जून महीने में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी पर आ गई है। सरकार तर्क दे रही है कि जून में थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से मिनरल ऑयल्स, खाने-पीने की चीजें, बेसिक मेटल्स, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस और कपड़ों की कीमतें कम होने के कारण आई है।

सवाल उठता है कि आखिरकार बाजार की वास्तविक महंगाई और महंगाई के सरकारी आंकड़ों को लेकर इस कदर विरोधाभास क्यों है? यदि वास्तविकता में महंगाई दरें सामान्य हैं, तो फिर खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान क्यों छू रहीं हैं? महंगाई को अक्सर आंकड़ों में दिखाने, प्रस्तुत करने, समझने की कोशिश की जाती है। ठीक है कि महंगाई की आंकड़ों की भाषा होती है, लेकिन इसके इतर आम जनजीवन पर महंगाई का व्यापक प्रभाव एवं असर होता है। महंगाई की वजह से आम आदमी के खान-पान, रहन-सहन एवं जीवन स्तर में गुणात्मक गिरावट आ जाती है। महंगाई का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। सामान्य महंगाई यानि मुद्रास्फीति से उत्पादकों को मुनाफा होता है, जिससे निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, लेकिन दीर्घकाल में उपभोक्ताओं पर इसका बुरा या नकारात्मक प्रभाव पढ़ता है। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घट जाती है, और अंततः बाजार में मांग सिकुड़ने लगती है। इसकी वजह से उत्पादक इकाईयां बंद होने लगती हैं। कुल मिलाकर सामान्य से अधिक महंगाई सबके लिए हानिकारक ही होती है।

सरकार के अनुसार जून में खुदरा यानि फुटकर महंगाई 4.81 फीसदी पर पहुंच गई है। मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई थी। सरकार का तर्क है कि जून में सब्जियों की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई बढ़ी है। तेज गर्मी, असमय बारिश जैसी प्राकृतिक घटनाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिससे सब्जियों के दाम बढ़े हैं। चूंकि प्रचलित महंगाई दर के निर्धारण में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है, लिहाजा खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो अगस्त महिने के बाद सामान्य हो जायेगी।

वैसे तो जुलाई के महिने में सब्जियों की कीमतें हमेशा अधिक हो जाती हैं। लेकिन इस बार आलू, प्याज को छोड़कर शेष सब्जियों ने जिस तरह से रिकॉर्ड तोड़ महंगाई पैदा की है, यह विचार-विमर्श का एक गंभीर मसला है। यद्यपि यह महंगाई बहुत कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से है, इसके बावजूद इस कमरतोड़ महंगाई के लिए कहीं न कहीं सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं।



डॉ. लखन चौधरी


**अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है।**


दरअसल इस महंगाई की सबसे बड़ी वजह उत्पादन की कमी है। देश की 142 करोड़ की आबादी के लिए जितनी खाद्य वस्तुओं यानि रोजमर्रा की खाने-पीने की चीजों की जरूरत है, उस तादाद में देश में उत्पादन नहीं हो रहा है। कई चीजों का यदि उत्पादन है, तो ऊंचीं कीमतों के लालच में बड़े पैमाने पर निर्यात कर दिया जा रहा है। खाद्य महंगाई की सबसे बड़ी वजह मांग-पूर्ति का असंतुलन है। प्राकृतिक कारणों से उत्पादन प्रभावित होने की वजह से आपूर्ति बुरी तरह घटती जा रही है। जिसकी वजह से साल के कुछ महिनों जैसे जून-जुलाई, अक्टूबर-नवम्बर, मार्च-अप्रैल आदि में जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों से सब्जियों, फलों, दूध, दाल, तेल आदि रोजमर्रा की जरूरी जिंसों के दाम आसमान छूने लगते हैं।

सरकार को दीर्घकालिक कृषि नीति बनाने की जरूरत है, जिस दिशा में सरकार का ध्यान केवल कागजी खानापूरी तक सीमित है। इसके लिए कृषि को उद्योग का दर्जा देकर कृषि में भारी सरकारी निवेश की दरकार है, जिससे देश की विशाल जनसंख्या के लिए जरूरत के अनुसार उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। फलों, सब्जियों इत्यादि के भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाने की वजह से इन मौसमों में होने वाली जमाखोरी और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।

अब समय आ गया है कि धान उत्पादन के रकबा को हतोत्साहित करते हुए दलहन, तिलहन, दूध, फल, सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाये। इनके भंडारण की समुचित सरकारी व्यवस्था करनी होगी, जिससे महंगाई पर रोक लगाई जा सकती है। देश में भंडारण की व्यवस्था असल में निजी हाथों में है, जो जमाखोरी एवं कालाबाजारी जैसी अनैतिक व्यवस्थाओं को जन्म देकर मुनाफा वसूली करती हैं, जिससे महंगाई बेलगाम हो जाती है। यानि सरकारी नीतियों की असफलता महंगाई के लिए न सिर्फ जिम्मेदार है, अपितु कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की उदासीनता और कृषि क्षेत्र को लेकर अदूरदर्शितापूर्ण नीतियां वर्तमान महंगाई की सबसे बड़ी वजह है।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

# युवा ही है विकास की प्रथम और अंतिम सीढ़ी

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस सन् 2000 से विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता रहा है। सन् 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसंबर को इसे मनाने के लिए प्रस्ताव लाया गया था। सन् 2000 में इसे पहली बार आयोजित किया गया। इस बार हम 23 वें अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन से जुड़ रहे हैं। इसके आयोजन से पूर्व प्रतिवर्ष एक नई थीम लाई जाती है। पिछली बार 2022 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की थीम-'अंतर पीढ़ीगत एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना रखी गई थी।' इस वर्ष 2023 में युवा दिवस की थीम - 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर' रखी गई है। युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिवस की परिपाटी शुरू की। किसी भी राष्ट्र के निर्माण अथवा उसके विकास में सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका उस राष्ट्र के युवाओं की ही हुआ करती है। लोकतंत्र से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी तथा चिकित्सा विज्ञान का विकास भी युवाओं के हाथ की लगाम है। वैश्विक मंदी तथा प्रदूषण, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का समाधान भी युवा पीढ़ी के हाथों में ही है। इसमें कोई संशय नहीं की आज दुनिया का कोई भी देश यदि बीते कल को पीछे छोड़कर एक नई ऊर्जा के साथ अपना वर्तमान जी रहा है तो इसका श्रेय युवा पीढ़ी को ही जाता है। युवा शक्ति को सही दिशा मिल सके तो वह एक इतिहास लिख जाती है। इसके विपरीत गलत मार्गदर्शन संपूर्ण समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध होता है।

किसी भी देश की असली ताकत उस देश के युवाओं के बलिष्ठ कंधों पर ही समाहित होती है। युवा पीढ़ी में ही वह शक्ति होती है जो किसी भी तरह के परिवर्तन कर दिखाती है। मानव सभ्यता को जब-जब अपने अस्तित्व के लिए नई दिशा की जरूरत महसूस हुई तब- तब उसने अपनी युवा पीढ़ी की ओर ही निहारा है। प्रत्येक युवा में दो खास विशेषताएं होती हैं। पहली - उसमें स्फूर्ति की और ऊर्जा का सैलाब होता है। वे कुछ भी कर गुजरने की शक्ति से लबरेज होते हैं। दूसरा- यह कि उन्हें उनके युवा काल में उतनी ठोकरें नहीं मिलती हैं कि वे जल्द ही निराश हो जाएं। तात्पर्य यह कि एक युवा का जीवन उसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को ऐसे पराजित कर जाता है मानो वह कोई चुनौती थी ही नहीं। भारत वर्ष के संदर्भ में हर प्रकार के विकास और नवीन तकनीक की रीढ़ की हड्डी युवा वर्ग ही है। हमारे देश की जनसंख्या में बड़ा हिस्सा युवाओं का ही है। यही कारण है कि भारतवर्ष को युवाओं का देश कहा जाता है। हम अपने गुलामी के दिनों के इतिहास को खंगालें तो हमें जानकारी मिलती है कि- हमारी स्वतंत्रता की आधारशिला युवा कंधों पर ही रखी गई थी। शहीद-ए- आजम भगत सिंह से लेकर चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, सुभाषचंद्र बोस ऐसे अनेक नाम हैं, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि भारतवर्ष और भारत मां की ओर उठने वाली विरोधी आंखें नोच ली जाएंगी।

आज के युवा को हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सबक लेने की जरूरत है। उस वक्त के भारतीय युवाओं ने देश को कहां से कहां लाकर खड़ा कर दिया! मुझे फिल्मी गीत की कड़ियां इस संबंध में याद आ रही हैं जो कुछ इस तरह है - 'हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के... इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के ...' आज इस बात की प्रबल जरूरत है कि देश का युवा अपनी जिम्मेदारी समझे! हम यह देख रहे हैं कि 21वीं सदी में हमारे देश का युवा भटका हुआ है! यूरोपीय संस्कृति ने उसे पथभ्रष्ट कर रखा है। आज का युवा देश की तरक्की नहीं बल्कि खुद की तरक्की के सपनों में खोया हुआ है। परमार्थ की जगह स्वार्थ उन पर पूरी तरह राज कर रहा है। जैसा कि इस वर्ष की थीम में कहा गया है- 'युवाओं के लिए हरित कौशल, एक सतत विश्व की ओर...' इसे पाने के लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी से जुड़ना होगा। भारत विकासशील देश की श्रेणी में है। उसे विकसित राज्य की श्रेणी युवा कंधों पर टिकी देखी जा रही है। आज के युवा को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में रुचि लेने की जरूरत है। एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का फौलादी जिगर, दृढ़ इच्छाशक्ति, पराक्रम, धैर्य एवं संयम जैसे गुणों से परिपूर्ण होना जरूरी है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# बच्चों को कुपोषण मुक्त बनता आंगनबाड़ी केंद्र

आज़ादी के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा था उनमें बच्चों में कुपोषण की समस्या भी एक थी। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों में कुपोषण बहुत ज़्यादा थी। गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिसका असर बच्चों में देखने को मिलता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया। जहां महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। गर्भवती महिलाएं व बच्चों का पंजीकरण और टीकाकरण किया जाता है। आगे चलकर इसमें गांव की किशोरी बालिकाओं के लिए पैड्स भी उपलब्ध करवाई जाने लगी।

आंगनबाड़ी कार्यक्रम को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को और उनकी मां को कुपोषित होने से बचाने के लिए भारत सरकार व बाल विकास सेवा कार्यक्रम के द्वारा शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु के 8 करोड़ बच्चों को सम्मिलित किया गया है। इस योजना का शुभारंभ केंद्र सरकार द्वारा 1985 में किया गया था। वर्ष 2010 के बाद राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग देने लगी हैं। याद रहे कि लगभग 400 से अधिक जनसंख्या वाले स्थान पर एक आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना का प्रावधान है। जनसंख्या के आधार पर किसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक आंगनबाड़ी खोला जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका इस केंद्र को संचालित करती हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से इसे मूर्तरूप दिया जाता है। जिसे आईसीडीएस कहा जाता है। इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है जिसे मुख्य सेविका कहा जाता है। यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कार्य से जुड़े मामलों में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

लेकिन सरकार के सभी प्रयासों के बावजूद देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अपने उद्देश्य और लक्ष्य से पीछे नज़र आता है। जहां जागरूकता की कमी के कारण अभिभावक बच्चों को केंद्र तक नहीं पहुंचाते हैं और इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान के जिला बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के ढाणी भोपालाराम गांव में देखने को मिला है। जहां माता-पिता अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक भेजने के इच्छुक नज़र नहीं आते हैं। इस केंद्र की आंगनबाड़ी सहायिका नरेश का कहना है कि 'हमें बच्चों के माता-पिता कहते हैं कि हमारे बच्चों को घर से आंगनबाड़ी लेकर आप खुद जाओ, और फिर बाद में उनको घर भी आप ही छोड़कर जाओगे।'

**भावना लूणकरणसर, बीकानेर राजस्थान**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### विकास यात्रा को लेकर एसडीएम एवं नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** आगामी 11 अगस्त को होने वाली विकास पर्व यात्रा को लेकर बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने एसडीएम विजय राय के साथ मां कर्मादेवी तिराहा पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित अनेक वार्ड पार्षद गण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लीना जैन, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर मण्डल अध्यक्ष सन्नी भावसार मौजूद रहेंगे।

साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव करेंगी और पार्षद अंशलेखा भावसार मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में करीब छह करोड रूपए के निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया जाएगा। जिनमें कर्मादेवी चौक से राजेन्द्र नगर तक सीसी रोड, चार खंभा गली में सीसी रोड, लड्ढा एजेंसी गली में सीसी रोड निर्माण सहित राजेन्द्र नगर स्कूल में आंगनवाडी भवन निर्माण, भार्गव धर्मशाला से नौलखी मंदिर तक सडक निर्माण, त्योंदा रोड से दमयंती धर्मकांटा तक सीसी रोड निर्माण, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के द्वितीय चरण के कार्य शामिल रहेंगे।

### रायसेन में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न

# लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं के मन में विश्वास बढ़ाया : डॉ. चौधरी



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा रायसेन स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत आयोजित लाड़ली बहनों के बैंक खाते में राशि अंतरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों की जिदंगी बदलने वाली योजना है। इस योजना ने महिलाओं के मन में विश्वास और आत्म सम्मान बढ़ाया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों के बैंक खाते में एक-एक हजार रू के मान से राशि अंतरित की गई है। रायसेन जिले की भी दो लाख 40 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खाते में राशि जमा की गई है। उन्होंने कहा कि योजना के दूसरे चरण में 21 से 23 साल की बहनों का तथा जिन बहनों के पास ट्रेक्टर है, उनका पंजीयन किया जा रहा है। अगले माह छूटी हुई बहनों का पंजीयन किया जायेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशा है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महिलाओं की आमदनी हर महीने कम से कम 10 हजार रू हो। इसके लिए महिलाओं को स्व-सहायत समूहों सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बालिकाओं के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, विवाह तथा आर्थिक समृद्धि के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना-2, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, लाड़ली बहना योजना सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमारा मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहाँ स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं की आर्थिक उन्नति और कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रहे हैं जिनका लाभ प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हर मामले में विकास के काम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि जिले में दो लाख 40 हजार महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। वर्तमान में 21 से 23 आयु वर्ग की महिलाओं का लाड़ली बहना योजना में पंजीन किया जा रहा है। साथ ही ऐसी महिलाएं जिनके घर में ट्रेक्टर है, उन्हें भी योजना का लाभ देने हेतु पंजीकृत किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ पाकर जीवन में आए बदलाव के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना थीम सांग पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुती दी गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भी भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना.... गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम स्थल पर रीवा में आयोजित मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत, श्री जमना सेन, महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री मनोज कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### तीन को निलंबित कर एफआइआर की तैयारी

# सीएमएचओ कार्यालय में घोटाले की खुल रही परतें



**छह नहीं 13 के खातों में जमा कराई गई राशि**

**रायसेन, देशबन्धु।** सीएमएचओ कार्यालय में जीपीएफ, डीपीएफ सहित अन्य मदों की राशि का बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आने के बाद अब इसकी परतें खुलने लगी हैं। नई जानकारी यह सामने आई है कि छह नहीं बल्कि विभाग के 13 खातों में घोटाले की राशि डाली गई थी। इनमें से तीन खाते तो एक ही व्यक्ति के हैं। गुरुवार को पत्रिका में घोटाला एक्पोज होने के बाद सीएमएचओ ने तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, जिनके खाते में राशि डाली गई थी। जांच अभी जारी हे और लंबी चलने वाली है, जिसमें हर दिन नई कडियां खुलने की संभावना है। प्रारंभिक कार्रवाई तो उन कर्मचारियों पर शुरू की गई है, जो इस घोटाले की मात्र कड़ी हैं, जबकि सूत्रधार और मास्टरमाइंड अभी अपने बचाव के तरीके तलाश रहे हैं। पत्रिका मिली जानकारी के अनुसार इस घोटाले में कई बड़े नाम भी शामिल हैं, जो आगे खुलेंगे। बिल, बाउचर और भुगतान के खाताधारकों में कई चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। इसी वर्ष सीएमएचओ डीडीओ के जरिए फेमिली पेंशन में लगभग 18 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जो शक के दायरे में है। ऐसे और भी भुगतानों की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि सेवा के दौरान मृत कर्मचारियों के नाम फेमिली पेंशन अन्य खातों में डाली गई है। इसी तरह इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों की राशि में भी गड़बड़ी की गई है।

**फेमिली पेंशन में भी किया है घोटाला**–सूत्र बताते हैं कि जीपीएफ, डीपीएफ ही नहीं कर्मचारियों की फेमिली पेंशन भुगतान में भी घोटाला किया गया है। विभाग के मृत कर्मचारियों, इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों के भुगतान में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई हैं। जांच सही दिशा में और ईमानदारी से जारी रही तो सारी गड़बडियां सामने आ जाएंगी।

**तीन को किया निलंबित कराएंगे एफआइआर**–सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ लिपिक हेमंत महोवे, सांची बीएमओ कार्यालय में पदस्थ लेखापाल साजिद अली जिलानी तथा सांची में डार्क रूम सहायक अरविंद चावरिया को सीएमएचओ ने निलंबित कर दिया है। अब इनके खिलाफ एफआइआर कराने की तैयारी है। इनमें हेमंत महोवे का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है। इसके साथ इसके परिजनों के खातों में राशि डालना बताया जा रहा है।

**अब बनाई नई व्यवस्था**–अभी तक बीएमओ कार्यालयों से आने वाले बिल बाउचरों की जांच पड़ताल करने की यागलती होने पर जिम्मेदारी तय करने की कोई व्यवस्था नहीं थी। घोटाला खुलने के बाद सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। जिसमें सभी विकासखंडों के बीएमओ और लेखा प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की है। आदेश में लिखा है कि लेखापालों के सभी देयकों के हस्ताक्षर एवं खाता क्रमांक का मिलान एवं हस्ताक्षर करने के बाद देयक लगाए जाएंगे। यदि कोई खाता में प्रविष्टी में गलती पाई जाती है तो बीएमओ तथा संबंधित लेखापाल जिम्मेदार होंगे।

**इनका कहना है**

*प्रारंभिक जांच में तीन लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनको तत्काल निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ एफआईआर कराई जा रही है। मामले की जांच जारी है, आगे जो नाम सामने आएंगे उनके खिलाफ भी तुरंत कार्रवाई की जाएगी।*

*डॉ. दिनेश खत्री, सीएमएचओ*

# कन्या बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति ने शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास पचमा बायपास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पार्थ शंकर मिश्र द्वारा की गई। इस मौके पर न्यायधीश मिश्र एवं अन्य उपस्थित अतिथीयो के द्वारा छात्राओं को अपने कर्तव्यों ओर अधिकारों की जानकारी देते हुए ।कहा कि हमारे संविधान ने हमे समानता का अधिकार,बोलने का अधिकार अभीव्यक्ति की आजादी का अधिकार सहित अनिको अधिकार दिया है ।हमारे देश मे कोई भी समाज ,जाती ,सम्प्रदाय का व्यक्ति अपनी कावलियत से दीश के सर्बोच्या पद तक ले जा सकता है ।उन्होंने अपने शिक्षण काल से न्यायालय में न्यायधीश के पद तक के अनुभव साझा किये ।बरिष्ठ अभिभाषक राजेश सक्सेना ने बताया की



शासन द्वारा आदिवासियों ओर अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिन चर्या निर्धारित करे लोकेश सक्सेना ने कहा प्रकृति से जुड़कर जल जंगल और जमीन के लिए प्रकति से प्रेम करने और संरक्षण पर की बात कही। न्यायाधीश मिश्र ने तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डिक्शनरी,देश एवं प्रदेशो के नक्से,व सामान्य ज्ञान की पुस्तके भेंट की वहीं कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के डिस्ट्रिक क्वाटीनेटर विकाश शर्मा के द्वारा बच्चो को खेल सामग्री,पुस्तको का वितरण किया है ।छात्रावास की अधीक्षिका कृष्णा सेन ने उपस्थित अतिथीयो का आभार व्यक्त किया। तहसील विधिक प्राधिकरण के तत्वाधान में छात्रावास में रहने वाली छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ आरती खत्री व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया ।साथ आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। फल एवं छायादार बृक्षों के पौधों को रोपा गया।

### स्वीप गतिविधि एलबीएस कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रतियोगिताओं के अनुक्रम में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण कोली,बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी वंशकार ने द्वितीय एवं बीए द्वितीय वर्ष की ही छात्रा सोनिया कुर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता के पश्चात मानव श्रृंखला बनाकर मतदान जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। मानव श्रृंखला में समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। स्वीप गतिविधियां वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एस आर तिवारी के निर्देशन तथा प्रोफेसर साधना कुमारी एवं प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम के कुशल संयोजन में आयोजित की जा रही है।

स्लोगन प्रतियोगिता में डॉ कल्पना पंचोली, डॉ मीनाक्षी शर्मा, डॉक्टर शबाना परवीन ने निर्णायक की भूमिका अदा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि पूरे अगस्त माह में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं महाविद्यालय में संचालित की जाएंगी। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सराहना की।

### पीड़ित ने एसपी को दिया ज्ञापन

# अंजलि की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस की कार्रवाई शक के घेरे में



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के अंबाह थाना अंतर्गत खजूरी गांव में विगत दिनों अंजलि नामक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई और पुलिस द्वारा उसका पीएम नहीं कराया गया। पुलिस द्वारा घटना के बाद इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिसके बाद पीड़ित पिता एवं उसके परिवार ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

बताया जाता है कि ग्राम जौरी मुरैना की रहने वाली मृतिका अंजलि का विवाह 4 वर्ष पूर्व ग्राम खजूरी निवासी मनीष सिंह पुत्र रामहेत कडेरे के साथ हुआ था। शादी में अंजलि के पिता द्वारा एक लाख रुपए नगद व संपूर्ण गृहस्थी का सामान दिया था। शादी के 6 महीने बाद ही मृतिका अंजलि के पति मनीष, सास ममता, ससुर रामहेत, ननद निशा द्वारा अंजलि को दहेज कम लाने के लिए तमाम यातनाएं दी जाने लगी। इसी बीच अंजलि को एक बेटा भी हुआ, उसके बाद भी पति मनीष और परिवारीजन नहीं संभले, दहेज की मांग यथावत रखी। अंजलि के पिता द्वारा पंचायत बुलाकर अंजलि को पुन: ससुराल भेजा गया। गत 7 अगस्त को ससुरालयों द्वारा अंजलि की हत्या कर दी गई। जब पीड़ित अंबाह थाना पहुंचे तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। टीआई बीरेश सिंह कुशवाह भी शक के घेरे में हैं, क्योंकि संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत हो गई और टीआई द्वारा पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# असामाजिक तत्वों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति तोड़ी, क्षत्रिय समाज में आक्रोश



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में बीती रात क्षत्रिय समाज के पथ प्रदर्शक महाराणा प्रताप की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने से क्षेत्र के क्षत्रिय समाज में आक्रोश व्याप्त है। किसी भी उपद्रव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने वहां भारी बल तैनात कर दिया है। इसके अलावा अज्ञात व्यक्तियों पर एफ आई आर दर्ज की गई है तथा सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बताया जाता है कि पिछले वर्ष दशहरा पर सर्व समाज द्वारा पुरानी सब्जी मंडी चौराहा पर महाराणा प्रताप का स्मारक चबूतरा बनाकर स्थापित की गई थी। बीती रात्रि असामाजिक तत्वों द्वारा उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। गुरुवार की सुबह 4 बजे फरियादी नरेश सिंह सिकरवार, कुलदीप और कृष्णकात बेल पत्र चढाने अलोपी शंकर जा रहे थे, तो देखा महाराणा प्रताप का स्मारक (पटिया ) टूटा हुआ पड़ा था। सीसीटीव्ही कैमरो में देखा तो

**पुलिस छावनी में तब्दील हुआ कैलारस, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद**

03 अज्ञात आरोपियों द्वारा बुधवार की रात करीब 11.30 बजे पत्थर से महाराणा प्रताप का स्मारक (पटिया) तोड़ते दिख रहे। इस घटना से क्षत्रिय समाज में आक्रोश व्याप्त है।

उपद्रव की आशंका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस फोर्स वहां तैनात किया गया है। कैलारस पुलिस ने नरेश सिंह की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं, शीघ्र ही मामले का पटाक्षेप कर दिया जाएगा, वहीं खंडित की गई प्रतिमा को पुन: स्थापित कर दिया गया है।

## आरोपियों ने घर में घुसकर महिला से मारपीट कर जेवर लूटे

**मुरैना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के मुडिया खेड़ा इलाके में बीती रात्रि नामजद आरोपियों ने घर में घुसकर दरवाजा तोडक़र महिला की मारपीट की एवं जेवर लूट लिए तथा कट्टे से फायर किए। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मुरैना को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है ।फरियादी राकेश जाटव ने बताया कि वह पूर्व विधायक बलबीर सिंह दंडोतिया के साथ बसपा की रैली में भोपाल गया हुआ था। 9-10 अगस्त की रात मेरी पत्नी एवं बेटी घर पर अकेली थी, तभी उसके घर का गेट तोडकर आरोपी राधे उर्फ पीयूस तोमर पुत्र राजीव सिंह तोमर और एक अन्य साथी ने घर में घुसकर मेरी पत्नी, बेटी एवं बेटा की मारपीट की एवं जेवर लूटकर ले गए। मारपीट के निशान उसकी पत्नी के शरीर पर अंकित हैं। राकेश जाटव ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# कबीर आश्रम की तोड़ी गई मूर्तियों की पुर्नस्थापना व आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

### 18 अगस्त को किया जाएगा सत्याग्रह

**मुरैना, सबलगढ़, देशबन्धु।** गत दिनों काजोना घाटी स्थित कबीर आश्रम में भगवान गौतम बुद्ध, संत शिरोमणि कबीर साहेब की प्रतिमा तोड़ दी गई। इससे पूर्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की भी प्रतिमा तोडी गई थी। ज्ञातव्य हो कि उक्त तीनों प्रतिमाओं का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री स्थानीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने किया है। तोड़ी गई प्रतिमाओं की स्थापना कराने, आरोपियों को गिरफ्तार करने, सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा कबीर आश्रम की भूमि को दर्ज कराने तथा पूर्व में लगाई गई बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की प्रतिमा का सम्बधितों को भुगतान कराने आदि मांगों को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से तथा अखिल भारतीय कोली समाज की ओर से 5 दिनों से आंदोलन जारी है।

गुरूवार को हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने एकत्रित होकर रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का स्थानीय प्रशासन द्वारा संतोषजनक समाधान नहीं करने के कारण नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया। नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संघर्ष संचालन समिति ने आगामी दिनों में कृमिक भूख हडताल, पुतला दहन करने तथा आगामी 18 अगस्त को सत्याग्रह कर जैल भरो आंदोलन करने का आव्हान किया है। आंदोलन का नेतृत्व स्थनीय विधायक बैजनाथ कुशवाह , पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी,अभा कोली समाज के जिलाध्यक्ष रामजीलाल माहौर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता पूर्व नपाध्यक्ष मुरारी लाल धाकड़ एडवोकेट, बसपा नेता ओमप्रकाश, रमेश माहौर, जगदीश बंसल, उमेश मंगल, नंदलाल खरे, सोनी लाल धाकड़, महिला नेत्री सुश्री लक्ष्मी सोलंकी, शशि कैमोर, युवा नेता पुष्पराज माहौर आदि ने किया। इसमें जिले भर के नेता गण शामिल हुए। आंदोलन की समाप्ति पर राधा कृष्ण धर्मशाला में संघर्ष समिति और समाज की ओर से सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने भाग लिया। इस मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में नागरिक गण शामिल हुए।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### तीसरी किस्त आने पर सामूहिक रूप से मनाई खुशियां



**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत कामथ में गुरुवार लाडली बहना योजना की तीसरी किस्त आने पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा मुलताई महामंत्री ज्योति साहू को ग्राम कामथ की महिलाओं ने कहा की हमे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लाडली बहना योजना के तहत आभार व्यक्त करना है, जिसको लेकर महामंत्री ज्योति साहू ने ग्राम पंचायत भवन कामथ में लाडली बहनाओ की मीटिंग का आयोजन कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वीडियो कांफ्रेंस का लाइव कार्यक्रम दिखाया। जहां लाडली बहनों ने कहा की हम शिवराज सिंह सरकार की लाडली बहना योजना से खुश है। ऐसी योजनाएं शिवराज सरकार हमें नए-नए प्रकार से दे और हम बहने बड़ चढ़कर सरकार की योजनाओं का फायदा ले। जिससे हमारी बहने अपने खुद के दम पर अपना मुकान बना सके। ज्योति साहू ने बताया कि हमारी बहने शिवराज सरकार की योजनाओं से बहुत खुश है ऐसी योजनाएं शिवराज सरकार हमेशा हम बहनों को दे।

### ताप्ती तट पर कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर की पवित्र धरा पर कथाओं का सिलसिला निरंतर चल रहा है जिसमें श्रावण मास और अधिक मास के अंतिम पखवाड़े में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें दोनों पक्षों राम मंदिर और कृष्ण मंदिर की कलश यात्रा साथ मे निकाली गई और एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया। पवन कुमार साहू ने बताया कि श्री राम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के भागवत आचार्य पंडित दीपक दुबे जी एवं श्री कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के भागवत आचार्य सौरभ जोशी जी के मुखारविंद से आप सभी कथा श्रवण करेंगे। श्री राम मंदिर में कथा का समय दोपहर 1ः00 बजे से 5ः00 बजे तक एवं श्री कृष्ण मंदिर में कथा का समय शाम 6ः00 से 10ः00 तक का रखा गया है। अधिक मास एवं श्रावन मास में आप सभी पुण्य लाभ अर्जित करें और अपने जीवन को धन्य बनाए।

### गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे वृक्ष गंगा अभियान के तहत बाटे फलदार पौधे

**मुलताई, देशबन्धु।** गायत्री परिवार विकाश खंड समन्वय समिति के परिजनों अशोक प्रजापति, राजा वर्मा के सौजन्य से शासकीय उ. मा. वि. पौनी में गुरुवार 160 फलदार एवं औषधीय पौधें बच्चों को वितरित कर शाला परिसर में लगाए गए। साथ ही उपस्थित गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनो ने शाला के बच्चो को प्रयावरण के बारे में जानकारी देते हुए पौधारोपण के महत्व को बताया। उपस्थित सभी बच्चों ने एक एक पौधा पालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं विकासखंड पर्यावरण समन्वयक श्री मधु वर्मा, ट्रस्टी श्री रोशनलाल पटैय्या, श्री मुकेश गुड्डा वर्मा,श्री अनिल साहू,श्री आयुष वर्मा, विकाश खंड समन्वय समिति मुल्ताई के गणपति गायकवाड, अविनाश खंडाग्रे, विकास साहू, नारायण बर्डे, रामदास देशमुख, मनोहर बडघरे, फूलचंद चौरे, हेमराज डढोरे, रामराव साहू, श्री अमृतलाल बारंगे, श्री जितेंद्र सोनी, देवराव बारस्कर, रामदास बनखेड़े,श्री साहेबराव बर्डे एवं प्राचार्य श्री कृष्णकुमार बनकर,शिक्षक श्री वासुदेव इंगले, श्री गंगाधर कोगे,नारायण देशमुख आदि गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनो सहित शिक्षिकाओं छात्र-छात्राएँ सरपंच समेत ग्रामीण भाई- बहन आदि अन्य परिजन उपस्थित थे।



### आदिवासी महिला सरपंच पर अत्याचार का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत भरकवाड़ी की महिला सरपंच और उनका परिवार भाजपा के कुछ कतिपय नेताओं से परेशान हैं। हालात यह हैं कि यह परिवार डर के साये में जीने को मजबूर है। पीड़ित महिला सरपंच सारिका वाड़ीवा और उनके परिजनों के साथ आपसी रंजिश रखते हुए आए हैं। जिसके कारण आए दिन वाद-विवाद किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ पंचायत के कार्यों में अनावश्यक रूप से अवरोध उतपन्न कर सरपंच की छवि खराब किये जाने के प्रयास करते हुए, झूठी शिकायतें भी की जा रही है।सरपंच सारिका ने बताया कि, कुछ ही दिनों पूर्व ग्राम के सुरेश पवार ने जिला पंचायत में झूठी शिकायत की थी, कि पंचायत के लगाए हुए पाइप की वजह से बारिश का पानी उनके खेत में घुस रहा है, जिसकी वजह से खेत मे लगी फसल नष्ट हो रही है। पाइप लगाए जाने के लिए पेड़ भी उखाड़े गए हैं, जबकि मौके ऐसा कुछ भी नहीं था। महिला सरपंच को धमकाने और दुर्व्यवहार के आरोप भी लगे हैं, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज है। सरपंच के ससुर गुलाब सोलंकी ने बताया कि, दरअसल सुरेश पवार इसके पूर्व दो बार जिला पंचायत का चुंनाव हार चुके हैं। इसकी के साथ सुरेश के साथी गण पुरुषोत्तम पठाड़े और रामकिशोर पठाड़े भी पंच का चुंनाव हार गए। जिसके रंजिशवश हमारे परिवार के खिलाफ साजिशें रचते रहते हैं।

---

शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लोकायुक्त की कार्यवाही

# रिश्वत लेते लैब तकनीशियन गिरफ्तार

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लोकायुक्त ने कार्यवाही करते हुए लैब टेक्नीशियन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि सीएमएचओ डॉ. सुरेश बौद्ध जाटव द्वारा निजी अस्पताल के पंजीयन दस्तावेजों में डाक्टर के परिजन का नाम शामिल करने के लिए डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। सौदा एक लाख रुपये में तय किया गया था। आज सीएमएचओ के लिए 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए शाहपुर के सामुदायिक स्वासथ्य केंद्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन राधागोविंद शुक्ला को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।

लोकायुक्त भोपाल के निरीक्षक मनोज पटवा ने बताया कि बैतूल जिले के भौंरा में स्थित डा महेश पाटनकर के निजी क्लीनिक के पंजीयन दस्तावेजों में उनके भतीजे डा सागर पाटनकर का नाम जोड़ने के लिए सीएमएचओ डॉ. जाटव के द्वारा एक लाख रुपये की मांग की गई थी। पाटनकर ने 50 हजार रुपये सीएमएचओ को पूर्व में दे दिए थे। 3 अगस्त को सीएमएचओ को 10 हजार रुपये बैतूल में दिए गए।

शेष 40 हजार रुपये की राशि शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन राधा गोविंद शुक्ला को देने के लिए कहा गया था। इस मामले की शिकायत डा पाटनकर के द्वारा 28 जुलाई को लोकायुक्त भोपाल से की गई थी। इसके बाद लोकायुक्त की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ने की योजना तैयार की। गुरुवार को जब डा पाटनकर के द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन राधागोविंद शुक्ला को दी तो तत्काल ही टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसके द्वारा स्वीकार किया गया कि सीएमएचओ सुरेश बौद्ध जाटव के कहने पर उसके द्वारा 40 हजार रुपये लिए गए हैं। लोकायुक्त टीआई मनोज पटवा ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी सीएमएचओ सुरेश बौद्ध जाटव को बनाया गया है। टीम के द्वारा बैतूल पहुंचकर कार्रवाई की जाएगी।

---

चारसी में मनाया गया आदिवासी दिवस

# कुछ लोग आदिवासियों के साथ होने का करते हैं ढोंग : पांसे





▸ 3 लाख की विधायक निधि से बनेगा संस्कृतिक रंगमंच, किया भूमिपूजन

मुलताई। आदिवासी ही देश का मूल निवासी है वे जहाँ रहते हैं वहीं जल, जंगल, और जमीन पर उनका ही अधिकार है। हमारे आदिवासी भाई-बहन बहुत ही सहज एवं सरल स्वभाव के है। मेरे दिन के सबसे ज्यादा कोई करीब है तो हमारे यही आदिवासी भाई-बहन है। मैंन हर संभव आपकी मदद का प्रयास किया है भविष्य में भी जब भी आपकों मेरी जरूरत होगी हरदम आप मुझे अपने साथ खड़ा पाओंगे। वनाअधिकार अधिनियम के तहत पट्टे दिलाने के लिए आप लोगों की आवाज मैंने विधान सभा में उठाई थी। उक्त बात विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री सुखदेव पांसे द्वारा विकास खण्ड प्रभात पटटन के ग्राम चारसी में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में व्यक्त की। जहां उन्होंने ग्राम चारसी में बड़ादेव के समीप विधायक निधि की 3 लाख रूपये की राशि से स्वीकृत रंगमंच निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। विगत दिनों ग्राम चारसी के ग्रामीणों द्वारा ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन में होने वाली असुविधाओं से विधायक पांसे को अवगत कराया था जिस पर विधायक पांसे द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि शीघ्र ही ग्राम चारसी में विधायक निधि की राशि से रंगमंच का निर्माण कर आपकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाई जाएंगी।

आयोजित कार्यक्रम में पांसे ने कहा कि कुछ लोग कालनेमि की भांति आदिवासियों के साथ होने का ढोंग करते हैं एवं उनकों भयानक यातनाएं देते हैं उन पर पेशाब तक कर दी जाती है और तो और संविधान बदलने का भी प्रयास किया जा रहा है परंतु आप निराश मत होना मैं और कांग्रेस पार्टी पहले भी आपके साथ थी, आज भी है और कल भी रहेंगी।

---

# तिरंगा झंडा लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** बस स्टैंड पर स्थित शहीद किसान स्तंभ के समीप तिरंगा लगाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में नगर पालिका और तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें निराधार आपत्तियों का जल्द निपटारा कर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अनुमति प्रदान करने की मांग की गई।

उल्लेखनीय है कि युवाओं ने लोकेश गीदकर ने स्वयं के खर्चे से 101 फीट का राष्ट्रीय ध्वज लगाने के निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने पर विरोध जताते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्ञापन सौपा। इस मामले में लोडिंग ऑटो यूनियन की आपत्ति के चलते निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। किंतु यूनियन अध्यक्ष दिनू बारंगे ने कहा कि हमने एसडीएम कार्यालय में कोई आपत्ति लगाई। राजस्व आरआई मौके पर किसकी शिकायत पर आए थे हमें नहीं पता। पंचनामे पर हमारे हस्ताक्षर लिए गए थे। तिरंगा झंडा लगता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमारी रोजी रोटी पर कोई फर्क न पड़े इसका ध्यान रखा जाए।

ज्ञापन सौपते समय नया परिंदा फाउंडेशन, बजरंग दल, साईं सेवा समिति, हनुमान सेवा समिति, साहू समाज अखाड़ा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मां ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन, नंदन ट्रैवल फैंस क्लब, एनएसयूआई, श्री राम सेना, हिंदू युवा मंच, अधिवक्ता संघ एवं भाजपा, कांग्रेस के विभिन्न कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से एडवोकेट राजेश ठाकरे, रोबिन सिंह परिहार, शुभम पंडाग्रे, राहुल वराठे, गगन साहु, लोकेश देशमुख, संतोष रॉय, शेख अबरार, संजू साहू, सलमान, जतिन साहू शामिल थे।

### इनका कहना है

*लोडिंग ऑटो यूनियन द्वारा एसडीएम कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई गई थी, यदि वे सहमत है तो अपनी आपत्ति वापस ले लें।*

***योगेश अनेराव, उपयंत्री, मुलताई नगरपालिका***

---

# लाडली बहनों ने निकाली तिरंगा यात्रा सिंगल क्लिक से तीसरी किस्त



**भैंसदेही, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के यशस्वी लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 10 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की समस्त लाडली बहनाओं के खाते में तृतीय किस्त प्रदान की गई महिलाओं ने मुख्यमंत्री महोदय को गौर से सुनकर धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर नगर परिषद के सभा कक्ष में उपस्थित महिलाओं ने नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी के कुशल नेतृत्व के साथ पार्षद ब्रह्मदेव कुबडे, पूर्व एल्डरमैन गोलू राठौर, भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष पाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ए आर सांवरे के साथ मेरी माटी मेरा देश अभियान के श्री गणेश के पूर्व राष्ट्र के सम्मान के प्रति उत्साह दिखाते हुए तिरंगा रैली निकालकर पूरे नगर को भारत माता की जय के नारे के साथ गुंजायमान किया। नगर परिषद भैंसदेही द्वारा लाडली बहना की सिंगल क्लिक के माध्यम से तृतीय किस्त का सीधा प्रसारण वार्ड क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 4, 5 वार्ड क्रमांक 8 वार्ड क्रमांक 10 नगर परिषद सभा कक्ष में टेलीविजन सेट लगाकर लाडली बहनों को सीधा प्रसारण दिखाया गया। महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के समस्त प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी जनसेवक मौजूद रहे।

### घर-घर तिरंगा लगाया जावेगा- नप अध्यक्ष मनीष सोलंकी

भैंसदेही मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत 9 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित की जावेगी। जिसमें प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाकर राष्ट्र का गौरव और सम्मान बढ़ाया जाएगा। उक्त उद्गार नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान व्यक्त किए श्री सोलंकी ने कहा कि नगर परिषद के समस्त 15 वार्डों में घर-घर तिरंगा लगाया जावेगा। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घर पर तिरंगा ऊंचे स्थानों पर लगाए तिरंगे का सम्मान सुनिश्चित करें और मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत समस्त कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेवे।

---

# योजना विफल होने पर रोका बंदर पकड़ने वाले का भुगतान



**सारनी, देशबन्धु।** सारनी इलाके में बंदरों को रोकने के लिए नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा बनाई गई योजना विफल हो गई है। जिसके कारण बंदर पकड़ने वाले का भुगतान नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी, वन विभाग और नगर पालिका परिषद सारनी की बैठक अपार रेस्ट हाउस में आयोजित की गई थी जिसके तहत यह निर्णय लिया गया था कि वन विभाग के सहयोग से सारनी के 13 वार्डों में जो बंदरों के माध्यम से आतंक मचाने का कार्य किया जा रहा है। उनकी धर पकड़ करके उन्हें शहर से बाहर पहुंचने का कार्य किया जाएगा इसके इसके अलावा प्रति बंदर 350 रुपए का भुगतान करने पर चर्चा की गई थी लेकिन यह राशि कौन देगा इसको लेकर स्पष्ट नीति तय नहीं हुई थी बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद सारनी,मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, वन विभाग और वेकोलि के माध्यम से यदि सहयोग राशि की हिस्सेदारी की जाए तो बंदरों की धर पकड़ करने का कार्य किया जाएगा लेकिन वन विभाग व और पावर जनरेटिंग कंपनी ने सहयोग राशि देने से मना कर दिया है ऐसी स्थिति में नगर पालिका परिषद सारनी ने भी 350 रुपए प्रति बंदर पकड़ने वालों को रुपए देने से हाथ खड़े कर दिए हैं।

---

राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

# नदियों से रेत का अवैध उत्खनन न हो : कलेक्टर

**सारनी, देशबन्धु।** 30 जून से लेकर 2 अक्टूबर तक नदियों से रेता का अवैध खनन परिवहन और भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है उसके बाद भी नदियों से अवैध रेता का खनन परिवहन का दौर जारी है सबसे ज्यादा रेता का खनन और परिवहन राजस्व खदानों के बजए वन नदियों से किया जा रहा है इसको लेकर कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने गुरूवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक में वन अधिकार के लंबित दावों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को उचित मूल्य की दुकानों के सत्यापन के साथ-साथ स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में नदियों से रेत के खनन से प्रतिबंध है। विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी नदियों से रेत का उत्खनन न हो।बैठक में अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम सहित राजस्व अधिकारी मौजूद थे।बैठक में कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने की स्थिति की जानकारी ली।बैठक में अविवादित नामांतरण,सीमांकन, राजस्व वसूली,मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना,मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना,पीएम किसान एवं सीएम किसान योजना का सत्यापन, आबादी स्वामित्व सर्वे, सम्मान निधि अपात्र किसानों से वसूली, सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

---

# गजानन महाराज मंदिर को ट्रस्ट में शामिल करने की मांग, एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**मुलताई, देशबन्धु।** बीते दिन नगर के जागरूक नागरिको ने नगर में मां ताप्ती तट पर छोटे तालाब के पास वर्ष 2006/07 में छोटे रूप में गजानन मंदिर की स्थापना की गई थी। उक्त मंदिर समय के साथ जनसहयोग से व्यापक रूप ले चुका है। वहीं लगातार भक्तों की संख्या भी बढ़ चुकी है। उक्त मंदिर को ताप्ती ट्रस्ट में शामिल किए जाने की मांग को लेकर नागरिकों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि मंदिर में हजारों रुपए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हो रहे है। मंदिर परिसर में दसक्रिया एवम मंदिर में रुकने की व्यवस्था होने से भक्तजन दान देते है।वर्तमान तक उक्त मंदिर का संचालन निजी व्यतियो के हाथ में है। ज्ञापन में बताया कि दसक्रिया तथा रुकने के लिए मंदिर की ओर से रसीद काटी जाती है। जिसका हिसाब लेने वाला कोई नहीं है। मंदिर का संचालन एक ही व्यक्ति द्वारा किया जाता है। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि मंदिर में कुछ प्रभावशाली नेता ने अपना प्रभुत्व जमा लिया है, व स्वयं को गजानन मंदिर का संचालक घोषित कर लिया गया,तथा जिनके द्वारा दर्शनार्थियों का शोषण कियाजता है। वहीं मोक्ष घाट पर दसवां आदि के कार्यक्रम के उपयोग के लिए अवैध रूप से हाल एवं परिसर को दिया जाता है।जिसकी राशि दसवां आदि के कार्य करने आए व्यक्तियों से संचालक द्वारा वसूली की जाती है।साथ ही खाना बनाने का ठेका भी लिया जाता है।तट पर आने वाले यात्रियों से वसूली हेतु रसीद बुक छपवाकर अवैध वसूली संचालक द्वारा की जा रही है। जिसका आज तक कोई हिसाब तक नही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा पार्षद, अजय यादव, पिछू जैन,कुसुम पाठेकर, हनुमान प्रसाद दुबे सहित लगभग एक सैकड़ा नागरिकों द्वारा हस्ताक्षर किए गए है। नागरिकों ने ज्ञापन पर गौर कर गजानन मंदिर को ताप्ती ट्रस्ट में शामिल कराते हुए मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से की जा सके एवम् मंदिर के पुनरूत्थान में शासन का सहयोग मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से तत्काल मंदिर को सार्वजनिक ट्रस्ट में लिया जाए तथा मंदिर का वर्ष 2007 से लेकर वर्तमान तक का हिसाब किताब की जानकारी लेने की मांग की है।साथ हि उक्त संबंध में जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

---

लंबे अरसे के बाद डॉक्टर की हुई थी नियुक्ति

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में डेढ़ माह से डॉक्टर नदारद

**सारनी, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में लंबे अरसे से डॉक्टर की नियुक्ति किए जाने की मांग की जा रही थी जिसे देखते हुए स्वास्थ्य महक में के माध्यम से एक डॉक्टर की नियुक्ति की गई लेकिन यह डॉक्टर केवल एक दिन ही अपनी सेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में देने के बाद पिछले डेढ़ महीने से अपने कार्य से नदारत है।ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले आदिवासी मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टेक्नीशियन के पद पर महिला के माध्यम से सर्दी खासी बुखार और आंख के इंफेक्शन वाले मरीजों को मामूली दवाइयां देकर चलता कर दिया जा रहा है।

बताया जाता है कि 8 वर्ष से लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नियुक्त किए जाने की मांग की जा रही थी जिस पर जिला चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से जैसे-तैसे एक डॉक्टर की नियुक्ति की गई लेकिन डॉक्टर भी एक दिन अपनी सेवा देने के बाद घर का सामान लाने की बात कह कर जो निकले तो डेढ़ माह का लंबा समय बीतने के बाद भी या डॉक्टर अपना सामान लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा नहीं पहुंच पाए। यदि विभाग स्तर पर बात करें तो किसी डॉक्टर की नियुक्ति होने के बाद उसे डॉक्टर को तीन माह तक वहां से हटाया नहीं जा सकता तीन माह तक अपनी अनुउपस्थित होने के बाद प्रशासनिक महकमें में उनकी सेवा को निरस्त माना जाएगा और फिर नए डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी ऐसी स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में नियुक्त किए गए डॉक्टर को डेढ़ माह का समय बीत चुका है और डेढ़ माह का इंतजार नए डॉक्टर की नियुक्ति के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को और करना पड़ेगा।

### सोशल मीडिया पर पाठाखेड़ा अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति को लेकर बहस का दौर जारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा मैं डॉक्टर की नियुक्ति की गई है या नहीं इसको लेकर सोशल मीडिया फेसबुक पर जमकर शहरी क्षेत्र के लोगों के बीच में बहस का दौर जारी हो गया है।

सोशल मीडिया पर क्षेत्र की वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रहमान खान के माध्यम से एक पोस्ट डाला गया है जिसमें लिखा गया है कि शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 साल से डॉक्टर नहीं है और 5 तक ताला लगा रहता है अब संजीवनी हॉस्पिटल में इलाज कौन कराएगा इसको लेकर बहस का दौर जारी हो गया है एक माह से ने यह लिखा है कि डॉक्टर योगेश पंडाग्रे उपचार करेंगे तो वही विलास चौधरी ने लिखा है कि भाई साहब आज ही इलाज करवा कर आया हूं इसलिए दावे के साथ कह रहा हूं जबकि विद्युत नगरी सारनी के व्यापारी शब्बीर बेदी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि अस्पताल में ड्यूटी नहीं कर रहे मेरे माध्यम से इसकी जानकारी ली गई है कोई डॉ.साहू की नियुक्ति हुई थी और वह डॉक्टर जॉइनिंग के बाद से नदारत है वही एक महाशय ने यह लिखा है कि पोस्टमार्टम करवाने के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है ऐसे में महिला डॉक्टर की नियुक्ति से क्या लाभ होगा इस तरह के सोशल मीडिया पर वाद विवाद का दौर जारी हालांकि विधानसभा चुनाव निकटतम है ऐसे में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में डॉक्टर की नियुक्ति कराई जाने को लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच डॉक्टर की नियुक्ति एक सफेद हाथी साबित होता दिखाई दे रहा है।

### इनका कहना है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाठाखेड़ा में डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी और डॉक्टर के माध्यम से एक दिन नौकरी करने के बाद पिछले डेढ़ महीने से अपने कार्य से नदारत है, तीन माह का लंबा समय बीतने के बाद ही दूसरे डॉक्टर की नियुक्ति की जा सकती है उसके पहले नहीं।

**डॉ.संजीव शर्मा खंड चिकित्सा अधिकारी घोड़ाडोंगरी**

## सार समाचार

### मेरी माटी मेरा देश के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के आयोजन क्रम में आज शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में प्राचार्य, डॉ उमेश कुमार धुर्वे के निर्देशन एवं आजादी के अमृत महोत्सव नोडल मनोज कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रभारी सुदर्शना राज द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव थीम अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत विभिन्न रंगोलियां बनाई गई। जो वीरों के संघर्षों की कहानियां बयां करती हैं। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय में स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय चयन प्रवेश परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त

नर्मदापुरम,देशबन्धु। जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेड़ा में कक्षा 6 वीं में चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 2024 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पावरखेड़ा वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन किसी भी कम्प्यूटर सेंटर अथवा अपने मोबाईल से निःशुल्क आवेदन लिंक के माध्यम से भरे जा सकते है। कक्षा 6 वीं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त से बढ़ाकर 17 अगस्त की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कक्षा 5 वी में अध्ययनरत जिले के छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन नवोदय चयन परीक्षा के लिए कराया जाना सुनिश्चित करें।

### विद्यार्थियों को कराया गया विद्युत उपकेन्द्रों का भ्रमण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत में 9 एवं 10 अगस्त को विद्युत संरक्षण एवं विद्यार्थियों को उपकेन्द्रों का भ्रमण कराया गया। कार्यपालन यंत्री परीक्षण संभाग मप्रपॉट्रांकंलि नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त को महात्मा गांधी उच्चतर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विद्युत संरक्षण संबंधी जागरूकता एवं विद्युत उपयोग में मितव्ययता लाने के लिए जानकारी दी गई, जिसमें विद्युत बनाने, उसे पॉवर हाउस से लाने एवं उसका वितरण कैसे किया जाता है इस पर कितना खर्च होता है संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई। इसी तरह 10 अगस्त को डॉ सीव्ही रमन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को 220 के.व्ही.उपकेन्द्र का भ्रमण कराकर उन्हें विद्युत वितरण कंपनी की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया तथा भारत गौरव एवं अज्ञान से आजादी विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### कांग्रेस सहप्रभारी संजय कपूर आज इटारसी आयेंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित 137 नर्मदापुरम) विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक 11 अगस्त को इटारसी में एआईसीसी सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी संजय कपूर, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी, विधायक संजय शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, जिला संगठन मंत्री मधुसूदन यादव की उपस्थिति में होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर 11 अगस्त 2023 शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से होटल एक्सप्रेस इलेवन इटारसी में नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र की आयोजित संगठनात्मक बैठक में ब्लॉक, नगर, मंडलम, सेक्टर, बीएलए, निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के कांग्रेसी उपस्थित रहेंगे।

### नर्मदापुरम, सिवनी मालवा व पिपरिया विधानसभाओं में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# विकास के नए आयाम गढ़ रहा प्रदेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला नर्मदापुरम की तीन विधानसभाओं नर्मदापुरम, पिपरिया, सिवनी मालवा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन गुरुवार को संपन्न हुए। वही सोहागपुर का विधानसभा सम्मेलन शुक्रवार को होगा। नर्मदापुरम में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में हुजुर विधानसभा के विधायक, पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, पिपरिया विधानसभा में भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सीमा सिंह, सिवनीमालवा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी पंकज जोशी मुख्य वक्ता रहे। विधानसभा सम्मेलनों में वक्ताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं से संकल्प लिया कि हमें विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाना है और वक्ताओं द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परिवार में केन्द्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश का मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है और भारत की प्रशंसा हो रही है। वही मध्यप्रदेश जो बीमारु राज्य हुआ करता था। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज विकास के नित नये आयाम गढ़े जा रहे है। सरकार महिलाओं, बहनों, किसानों, युवाओं और बुजुर्गो को तीर्थदर्शन जैसी योजनाओं के साथ अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं



का लाभ दिला रही है। हमें यह संकल्प लेना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर कमल खिलाना है। जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलनों में भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, ठाकुरदास नागवंशी, प्रेमशंकर वर्मा, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पालिका पार्षदगण, पंच-सरपंच से लेकर बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संभागायुक्त डॉ शर्मा ने किया कार्यालय का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त डॉ पवन कुमार शर्मा ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय नर्मदापुरम का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों ने नवागत संभागायुक्त डॉ शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। संभागायुक्त ने सभी से परिचय के साथ ही उनके कार्य की जानकारी ली और अपनी प्राथमिकता बताई। इस दौरान अपर आयुक्त आरपी सिंह, उपायुक्त विमलेश पेंड्रो, संयुक्त आयुक्त जीसी दोहर, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहें। 1999 बैच के आईएएस डॉ पवन कुमार शर्मा भोपाल संभागायुक्त होने के साथ नर्मदापुरम संभाग के अतिरिक्त प्रभारी भी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा विगत दिनों जारी आदेश अनुसार डॉ शर्मा की पदस्थापना इंदौर संभाग से भोपाल की गई है।

# एमजीएम कालेज में अपनी माटी अपना देश, वीणा वादन एवं पौधरोपण



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में 'आजादी का अमृत महोत्सव' अपनी माटी अपना देश के अंतर्गत सात्विक वीणा वादन एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश मेहता, जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं परिचय देते हुये कहा कि पंडित सलिल भट्ट सात्विक वीणा पर सांस्कृतिक कला को प्रस्तुत करते हैं, उनकी शैली में शास्त्रीय भारतीय रागों की प्रमाणिकता और मठाधीशों के साथ-साथ विश्व संगीत की सजावट होती है। पंडित सलिल की बाज सैली गायकी में मुखर और तंत्रकारी वाद्य प्रस्तुतियों को सिद्ध करती है।

स्पिक मेके इटारसी के तत्वावधान में वीणा वादक जयपुर राजस्थान से आमंत्रित सलिल भट्ट एवं असम, डिब्रूगढ़ से तबला वादक कुअर कौशिक ने शानदार प्रस्तुति दी। वीणा और तबले की शानदार जुगलबंदी ने दर्शकों का मन मोह लिया। पंडित सलिल भट्ट ने अपनी प्रस्तुति में राग भोपाली 5 स्वरों का राग, राग किरवानी 3 स्वरों का राग आदि की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह संगीत में स्वर, लय और ताल का संगम होते ही मधुर संगीत उत्पन्न होता है उसी तरह जीवन में जब स्वर, लय और ताल का संगम होता है तो जीवन जीवंत हो उठता है। हमारी यह साधना 70 वर्षों की तपस्या का परिणाम है उसके उपरांत हम राग जीवत कर पाए। सरस्वती की वीणा बजने के साथ ही सृष्टि की चल अचल वस्तुओं का निर्माण हुआ है, इत्यादि बातों से उन्होंने अवगत कराया।

आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत आमंत्रित अतिथियों और प्राचार्य के सानिध्य में 75 पौधों का रोपण किया जिसमें मौलश्री, अर्जुन, स्वर्णचंपा, अशोक, कदम, मोरछली, मीठी नीम, रुद्राक्ष अपराजिता, सदा सुहागन, तेजपत्ता, इलायची, बेल पत्र आदि पौधे रोपे।

संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ अर्चना शर्मा, डॉ. कनकराज, डॉ. व्हीके कृष्णा, डॉ.सुशन मनोहर डॉ. जेपी चौरे, श्रीमती सुशीला बरबड़े, डॉ.कुजूर, आशुतोष मालवीय, डॉ.दिनेश, डॉ. मनीष चौरे, श्रीमती श्रुति, श्रीमती मीरा यादव, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, अंकिता पांडे, ज्योति चौहान, दीक्षा पटेल, दुर्गेश यादव, प्रिया मालवीय, प्रदीप दीवान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवांकुर संस्थाओं ने ओल नदी का जल और मिट्टी लेकर उपयात्रा निकाली



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** स्थानीय ओल नदी रहटवाडा रोड पर नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं परामर्शदाताओं जनसेवा मित्रों ने उपयात्रा निकाली। मप्र जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में विकास खंड समन्वयक मुकेश सोलंकी के मार्गदर्शन में यह सदस्य ओल नदी का जल और स्थानीय मिट्टी लेकर संत रविदास समरसता यात्रा में शामिल हुए। पार्षद प्रतिभा अहिरवार ने कलश लिया, जबकि अमान सिंह अहिरवार ने मिट्टी लेकर उप यात्रा को आगे रवाना किया। इस यात्रा में समाजसेवी व गायत्री परिवार के बालमकुन्द साहू, मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर, सरपंच पथरकुही गजेंद्र सिंह पटैल, परामर्शदाता धर्मेन्द्र शर्मा, सुरेंद्र मौर्य, प्रभुदयाल कुशवाहा, श्रीमती सोनू तिवारी, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र रीतेश कुशवाहा ने रहटवाडा रोड से उपयात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र योगेन्द्र कुशवाहा ने भी सहभागिता की। यात्रा के समय अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, उपस्थित रहे।

### समरसता यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# विधायक और नगरपालिका अध्यक्ष ने की अगुवाई



**इटारसी, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास जी समरसता यात्रा ने बुधवार की शाम शहर में प्रवेश किया। समरसता यात्रा सूरज कैरोजी, संत शिरोमणि रविदास जी महाराज कि समरसता यात्रा के प्रभारी एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और सावंत सोनकर यात्रा प्रभारी के मार्गदर्शन में बैतूल, शाहपुर, भौंरा, सुखतवा, केसला, पथरोटा होते हुए इटारसी पहुंची।

सीपीई स्थित खेड़ापति मंदिर के समीप पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे की अगुवाई में यात्रा का स्वागत हुआ। विधायक डॉ. शर्मा ने चरण पादुका का पूजन किया और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे चरण पादुका को सिर पर विराजित कर कुछ दूर पैदल चले। इसके बाद जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना ने चरण पादुका को अपने सिर पर विराजित कर रथ स्थल तक पहुंचाया। ज्ञात रहे की 100 करोड़ की लागत से बनने वाले संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण के पूर्व समरसता यात्रा निकल जा रही है। जिसका विभिन्न शहरों में जगह जगह स्वागत किया जा रहा है।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, वार्ड 6 से पार्षद जिम्मी कैथवास सहित अन्य मौजूद थे। पूजन के बाद यात्रा पुरानी इटारसी होते हुए ओवर ब्रिज तिराहा पहुंची, यहां नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष जागृति भदौरिया, दीपक बस्तवार, सोनू दीक्षित, उमेश पटेल, हन्नु बंजारा, राकेश मालवीय, दिलीप मैना सहित अन्य ने पूजन किया। इनके अलावा वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बावरिया ने भी वार्डवासियों के साथ चरण पादुका का पूजन किया। इसके बाद यात्रा मंडी, रैसलपुर, पवारखेड़ा होते हुए नर्मदापुरम पहुंची। यात्रा रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन नर्मदापुरम में कार्यक्रम के बाद आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### समरस्ता यात्रा का नगर में हुआ आगमन, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**सोहागपुर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा नर्मदापुरम से होती हुई सोहागपुर पहुंची। शहरवासियों ने शंकर मंदिर पर यात्रा का स्वागत कर चरण पादुका एवं कलश का पूजन किया। यात्रा का जगह-जगह बनाए मंचों से समाज के विभिन्न वर्गों, धर्मों, विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ढोल-बाजे के साथ कलश यात्राएं निकाली गई। जिस क्षेत्र से यात्रा निकाली वह पूरा क्षेत्र संत शिरोमणि रविदास के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने यात्रा के साथ चल रही संत रविदास की पादुका और चित्र का दर्शन कर पूजन किया। यात्रा का सीएमराईज स्कूल के बच्चों ने भी स्वागत किया और संत रविदास के नारे लगाए यात्रा में विधायक विजयपाल सिंह सहित, जनप्रतिनिधि, पार्षद और समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर नए बस स्टैंड पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुरानी पेंशन नीति बहाल करने हजारों रेल कर्मी पहुंचे दिल्ली



**इटारसी, देशबन्धु।** न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में आज नयी दिल्ली में ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन ने संयुक्त रैली की। रैली में भोपाल रेल मंडल से भी हजारों रेल कर्मचारी पहुंचे हैं। पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष अशोक दुबे ने बताया कि दिल्ली रेलवे स्टेशन से रामलीला मैदान तक विशाल रैली के रूप में कर्मचारी पहुंचे और न्यू पेंशन स्कीम का विरोध तथा ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की।

पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर देशभर के केंद्रीय व राज्य सरकार के कर्मचारी रैली में पहुंचे और दिल्ली के रामलीला मैदान में आज महारैली में शक्ति प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया। श्री दुबे ने कहा कि पेंशन हम कर्मचारियों का अधिकार है, सरकार को हमारी मांगों को माननी होगी, अन्यथा अगामी चुनाव में रेल कर्मचारियों का वोट उसी पार्टी को जाएगी जो पुरानी पेंशन लागू करेगा। उन्होंने बताया कि भोपाल डिवीजन से भी महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में हजारों रेलकर्मी दिल्ली पहुंचे हैं।

# नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर को, बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते

नर्मदापुरम, देशबन्धु। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के नर्मदापुरम सहित अन्य 15 जिलों में 9 सितम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत में छूट प्राप्त किये उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि रू 50,000 तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर 2023 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

# एसी लोको शेड में महिला खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले हुए



**इटारसी, देशबन्धु।** एसी लोको शेड इटारसी में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए बैडमिंटन सिंगल, डबल्स, कैरम सिंगल डबल्स, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़,सुई धागा दौड़ पुरुषों के लिए 100 मीटर दौड़, फुटबाल, रस्साकसी, साईकिल दौड़, कैरम, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस ,बालीबाल स्नूकर शतरंज आदि खेलों का आयोजन किया।

महिला बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, कैरम, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले हुए। बैडमिंटन के डबल्स मुकाबले में श्रद्धा यादव, पूजा यादव की जोड़ी ने दीपा शिखा और उमा बौरासी की जोड़ी को हराकर फाइनल मुकाबला जीता। वहीं बैडमिंटन सिंगल्स में श्रद्धा यादव ने अंजलि पिल्लई को हराकर फाइनल मुकाबला जीता। कैरम फायनल मुकाबले में रश्मि दीक्षित ने सुषमा गढ़वाल को हराया। महिला कैरम डबल्स में सुषमा गढ़वाल और कुसुम लता की जोड़ी ने अंजलि पिल्लई और नेहा मेहरा की जोड़ी को हराकर कर फायनल मुकाबला जीता। सुई धागा दौड़ में दीपाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपशिखा द्वितीय स्थान पर रहीं। चम्मच दौड़ में मोना साहू प्रथम स्थान पर रहीं नेहा मेहरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला खेल प्रभारी दीपा मेहरा और पूजा यादव मौजूद थीं। सभी विजेता एवं उपविजेताओं को पारितोषिक वितरण 15 अगस्त को मंडल विद्युत इंजीनियर सचिन शर्मा एवं मंडल विद्युत इंजीनियर अक्षय कुमारावत द्वारा प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी टीआरएस शेड के क्रीड़ा सचिव सौरभ खरे ने प्रदान की है।

